आज का सुविचार

तितली महीने नहीं क्षण
गिनती है, और उसके पास
पर्याप्त समय होता है।
रबिन्द्रनाथ टैगोर

दैनिक
# इंटीग्रेटेड ट्रेड

डेवलपमेंट सेंटर न्यूज

आरएनआई नं.
MPHIN/2018/77221
डाक पंजीयन नं.
MP/BHOPAL/4-504/2020-22

| आईटीडीसी इंडिया ईप्रेस | 2018 में स्थापित | ITDCNEWS.COM |

वर्ष-4 अंक-338 भोपाल, मंगलवार 19 अक्टूबर, 2021, पृष्ठ-8, मूल्य-3 रुपए


**पंचांग**

आश्विन शुक्ल पक्ष
चतुर्थी, मंगलवार 22
विक्रम, संवत 2078

**मौसम**

| | |
|---|---|
| सूर्योदय/सूर्यास्त | 6:19/5:5 |
| वर्षा/बादल % | 7 % |
| नमी % | 79 % |
| वायु (किमी/घं.) | 14 |
| तापमान प्रातः/रात्रि (डिग्री से.) | 31°/22° |

**स्वर्ण दर 24 कैरेट**

प्रति 10 ग्राम/1तौला
₹ 48,790

**शेयर सूचकांक**

| | | |
|---|---|---|
| बीएसई | 61765.59 | +459.64 |
| निफ्टी | 18477.05 | +138.50 |

### कम्प्यूटर बाबा की गाड़ी ट्रॉले से टकराई, बाबा बोले- यह साजिश है

**खंडवा।** खंडवा उपचुनाव में जा रहे कम्प्यूटर बाबा की गाड़ी को सामने से एक ट्रॉले ने टक्कर मार दी। कम्प्यूटर बाबा के ड्राइवर को गंभीर चोट आई है। उसे बुरहानपुर जिला अस्पताल में पहुंचाया गया है। कम्प्यूटर बाबा को चोट नहीं आई, लेकिन घबराहट में उनका बीपी हाई हो गया। इसके चलते वे जमीन पर लेट गए। कम्प्यूटर बाबा ने आरोप लगाया कि यह एक साजिश है। इसकी जांच होनी चाहिए। जानबूझकर ऐसा किया गया है। बाबा पूर्व सीएम कमलनाथ की खरगोन में आयोजित सभा में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

### उप्र में कोर्ट के अंदर वकील की हत्या, रिकॉर्ड रूम में घुसकर गोली मारी

**लखनऊ।** उप्र के शाहजहांपुर में कचहरी की तीसरी मंजिल पर वकील भूपेंद्र प्रताप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वकील भूपेंद्र किसी काम से कोर्ट के रिकॉर्ड रूम में गए थे। गोली मारने के बाद बदमाश तमंचा मौके पर छोड़कर भाग निकला। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात है। कचहरी के सभी गेट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### दिल्ली में इस साल डेंगू से पहली मौत

**नईदिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस साल डेंगू से पहली मौत दर्ज हुई है। फिलहाल यहां डेंगू संक्रमितों की संख्या 723 है। इस साल दिल्ली में डेंगू के कुल मामलों में से इस महीने 16 अक्टूबर तक 382 केस दर्ज किए गए हैं। 9 अक्टूबर तक कुल मामलों की संख्या 480 थी।

## जाते मानसून ने मचाई तबाही : केरल में अब तक 27 की मौत, उत्तराखंड में रेड अलर्ट; दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मप्र में भारी बारिश का अनुमान

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

मानसून खत्म होने से पहले बारिश ने फिर देशभर को तरबतर कर दिया है। कहीं ये बारिश आराम दे रही है, तो कहीं जानलेवा बन गई है। केरल में लगातार हो रही बारिश से हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। यहां बाढ़ और भूस्खलन से अब तक कुल 27 लोगों की जान गई है, जबकि 8 लापता हैं। बीती शाम केरल के कोट्टायम जिले में बाढ़ में पूरा एक घर बह गया। सड़क पर खड़े लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाया। हादसे के वक्त घर में कोई नहीं था। किसी को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है।





### वायुसेना के जवान राहत और बचाव कार्य में जुटे

डिफेंस PRO ने बताया कि इंजीनियरिंग और मेडिकल यूनिट के साथ कन्नूर से सेना के जवानों का दल बचाव कार्यों के लिए वायनाड पहुंच गया है। सेना की ओर से अब तक कुल 3 टुकड़ियां तैनात की गईं हैं। राहत सामग्री के साथ नेवी चॉपर के जरिए बारिश प्रभावित इलाकों का दौरा जारी है। वायुसेना स्टेशन शंगमुघम में वायु सेना के 2 हेलिकॉप्टर MI-17 स्टैंडबाय पर हैं।

### उत्तराखंड में रेड अलर्ट

उत्तर भारत की बात करें तो मध्यप्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में भी बारिश जारी है। उत्तराखंड के लिए मौसम विभाग ने सोमवार के लिए रेड अलर्ट और मंगलवार के लिए ऑरेंज जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चार धाम यात्रा को फिलहाल रोक दिया गया है। सोमवार के लिए स्कूलों को बंद रखा गया है।

### मध्यप्रदेश में 24 घंटे से झमाझम बरस रहा पानी

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण भोपाल समेत पूरे प्रदेश में बीते 24 घंटों से लगातार बारिश हो रही है। भोपाल में 2 इंच तक बारिश होने से जगह-जगह पानी भरने से ट्रैफिक जाम के हालत बन गए, तो इंदौर में भी आधा इंच तक बारिश हो गई। होशंगाबाद, बुरहानपुर और ग्वालियर में दो से लेकर 3 इंच तक पानी गिरा। कुछ घंटों की बारिश से बुरहानपुर का तो महाराष्ट्र से संपर्क तक टूट गया था। बुरहानपुर से महाराष्ट्र को जोड़ने वाले बहादरपुर रोड पर नाले का पानी उफान पर होने से मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र का संपर्क करीब एक घंटे तक टूटा रहा।

### दिल्ली-NCR में भी जोरदार बारिश की आशंका

दिल्ली में रविवार से ही बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज भी दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम समेत आसपास के कई इलाकों में हल्की से भारी बारिश की आशंका है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी जोरदार गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

### बंगाल में 3 दिन बारिश के आसार

बंगाल में 17 से 20 अक्टूबर तक बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी तेलंगाना और आसपास के इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बनने से बंगाल में बारिश की संभावना बन रही है। यहां गरज के साथ बिजली भी गिर सकती है।

## रणजीत हत्याकांड में राम रहीम को उम्रकैद

### डेरा प्रमुख के साथ चारों दोषियों को भी आजीवन कारावास, राम रहीम पर 31 लाख का जुर्माना

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

रणजीत सिंह हत्याकांड में अदालत ने डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस केस में राम रहीम के अलावा बाकी चार दोषियों के नाम जसबीर, अवतार, कृष्ण लाल और सबदिल हैं। पंचकूला में CBI जज सुशील गर्ग ने राम रहीम पर 31 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। बाकी चारों दोषियों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। राम रहीम को इससे पहले पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में भी उम्रकैद की सजा हो चुकी है। इसके अलावा दो साध्वियों के यौन शोषण मामले में भी राम रहीम को 10-10 साल की सजा हो चुकी है। डेरा प्रमुख राम रहीम के एडवोकेट अजय बर्मन ने कहा कि वह फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। अदालत का फैसला आने के बाद सीबीआई के वकील एचपीएस वर्मा ने स्पष्ट किया कि राम रहीम मरते दम कर जेल में ही रहेगा। उन्होंने बताया कि रणजीत सिंह हत्याकांड में जो सजा सुनाई गई है, वह पहले सुनाई जा चुकी सजा के साथ ही चलेगी। उधर, फैसला आने के बाद अदालत में मौजूद रणजीत सिंह के बेटे जगसीर ने कोर्ट के फैसले पर संतुष्टि जताई। इससे पहले सोमवार सुबह दोषी राम रहीम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। वहीं अन्य 4 दोषियों को पंचकूला कोर्ट लाया गया। उधर, सोमवार को फैसला आने के चलते पंचकूला जिला प्रशासन ने सुबह से ही पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी। पूरे पंचकूला में ITBP के जवानों के साथ पुलिसकर्मी तैनात रहे। शहर में आने वाले लोगों को पूरी तलाशी लेने के बाद ही आगे जाने की अनुमति दी गई। सीबीआई के वकील एचपीएस वर्मा ने राम रहीम और चारों दोषियों के लिए फांसी की सजा मांगी थी।



राम रहीम | जसबीर | अवतार | सबदिल | कृष्ण लाल

**डेरा प्रबंधन को था शक** : रणजीत ने साध्वी यौन शोषण मामले में प्रधानमंत्री व अन्य को अपनी बहन से ही लिखवाई थी गुमनाम चिट्ठी

## भारत के कोविड सर्टिफिकेट को मान्यता देगा इजराइल, 2022 में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने के तैयार

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

इजराइल में सत्ता बदलने के बाद भारत के साथ उसकी दोस्ती बरकरार रहने पर संदेह जताया जा रहा था। लेकिन सोमवार को यह स्पष्ट हो गया कि दोनों की दोस्ती बरकरार है। इजराइल ने एक तरफ भारत के कोविड-19 वैक्सीन के सर्टिफिकेट को अपने यहां मान्यता देने की हामी भरी, वहीं दूसरी तरफ दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर भी 2022 के मध्य में साइन करने पर सहमति जता दी है।



**विदेश मंत्रियों की बैठक में हुआ फैसलाः-** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को इजराइल के विदेश मंत्री यार लापिड के साथ बैठक की। बैठक में भारत और इजराइल ने एक-दूसरे के कोविड-19 सर्टिफिकेट को मान्यता देने पर सहमति जताई। स्नञ्ज पर 2022 के मध्य में साइन करने से पहले आपसी शर्तें तय करने पर भी हामी भरी गई। इसके लिए चल रही बातचीत को दोनों देश नवंबर से दोबारा शुरू करेंगे। जयशंकर तीन दिन के दौरे पर रविवार को इजराइल पहुंचे हैं। उन्होंने इजराइली विदेश मंत्री को उनके देश के इंटरनेशनल सोलर एलायंस का हिस्सा बनने के लिए भी शुक्रिया कहा। यह एलायंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर बनाया गया है, जिसका हेडक्वार्टर गुरुग्राम में है।


## किसानों का रेल रोको आंदोलन : अमृतसर में ट्रैक पर बैठे किसान, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद में ट्रेनें रोकीं

### यूपी में 4 गाड़ियों के रूट बदले

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

लखीमपुर हिंसा के मामले में संयुक्त किसान मोर्चा का आज (सुबह 10 से शाम 6 बजे तक) देश भर में रेल रोको आंदोलन चल रहा है। मोर्चे का कहना है कि लखीमपुर मामले की निष्पक्ष जांच तब तक नहीं हो सकती, जब तक केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र को बर्खास्त नहीं किया जाता। संगठन के नेताओं की मांग है कि मिश्र को मंत्रिमंडल से हटाने के बाद उन्हें गिरफ्तार भी किया जाए। मोर्चा ने लखीमपुर मामले को नरसंहार बताया है। अमृतसर में किसान रेलवे ट्रैक पर ही धरना दे रहे हैं। किसानों के आंदोलन के चलते दिल्ली से रोहतक, पानीपत, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, कैथल, बहादुरगढ़, अंबाला, जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू, मेरठ, गाजियाबाद, शामली, सहारनपुर, मुरादाबाद समेत कुछ नजदीकी सेक्शंस पर रेल ट्रैफिक पर ज्यादा असर पड़ा है।







## कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें बड़ी चुनौती : वित्त मंत्री ने कहा,

## भारत प्रोत्साहन को कम करने की जल्दी में नहीं, लेकिन तेल की कीमतें चिंता का विषय

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को एक बड़ी चुनौती बताया है। वित्त मंत्री ने न्यूयॉर्क में ब्लूमबर्ग को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें एक बड़ी चुनौती के रूप में उभर रही हैं। ये बढ़ती कीमतें अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कुछ योजनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को सपोर्ट देने के लिए दिए गए प्रोत्साहन को वापस लेने की कोई जल्दी नहीं है, क्योंकि पॉलिसी मेकर यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि देश एक टिकाऊ ग्रोथ के रास्ते पर है।



### बढ़ती कीमतों पर हमारी नजर

### ग्रोथ में ईंधन की बढ़ती कीमतें बन सकती है परेशानी

भारतीय रिजर्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को उम्मीद है कि भारत इस फाइनेंशियल ईयर में 9.5 फीसदी दर से ग्रोथ करेगा, लेकिन ईंधन की बढ़ती कीमतें और कोयले की कमी एक बड़ी परेशानी बन सकती है।

सीतारमण ने कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतों पर हमारी नजर है। हमें जिस चुनौती का सामना करना पड़ेगा और टीमें भी मंत्रालय में देख रही हैं कि किस तरह से ईंधन की कीमतें एक बड़े शिखर की तरफ जा रही हैं। यह अनिश्चितता हमारे लिए एक बड़ा तत्व है। उन्होंने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था को सहायता देने की कोशिश में इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए सार्वजनिक खर्च का एक निश्चित अमाउंट पहले ही तय कर चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### विमान ईंधन से 33 फीसदी महंगा है पेट्रोल



**नई दिल्ली।** पिछले करीब 1 हफ्ते से देशभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में रोज वृद्धि हो रही है। पिछले हफ्ते 12 और 13 अक्टूबर को चार दिन तक लगातार पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ाने के बाद पेट्रोल कंपनियों ने थोड़ी राहत दी थी। पेट्रोल डीजल के बढ़ते भाव की वजह से लोगों के घरों का बजट गड़बड़ाने लगा है। क्या आप यह जानते हैं कि आपके कार या बाइक में डलने वाले पेट्रोल का भाव अब हवाई जहाज के ईंधन की तरह इस्तेमाल होने वाले एविएशन टर्बाइन क्यूल या एटीएफ से ज्यादा महंगा हो गया है। अगर आज की कीमत के हिसाब से बात करें तो पेट्रोल का भाव अब हवाई जहाज के ईंधन की तुलना में 33 फीसदी तेज है। दिल्ली में एटीएफ का भाव 79 रुपए प्रति लीटर (79,020 रुपए किलोलीटर) है जबकि दिल्ली में पेट्रोल का भाव 106 रुपए प्रति लीटर के करीब पहुंच गया है। पेट्रोल से क्यों सस्ता होता है जेट फ्यूल दरअसल, देश में पेट्रोलियम पदार्थों पर लगने वाले टैक्स के अलावा इनको रिफाइन करने में जो खर्च आता है उसकी लागत भी उपभोक्ताओं से वसूला जाता है। कच्चे तेल को रिफाइन कर उसके सभी बाइ प्रोडक्ट जैसे पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल, किरोसीन और एलपीजी को बनाया जाता है। रिफाइनिंग की इस प्रक्रिया में जेट फ्यूल बनाने में लागत कम आती है। जेट फ्यूल एक परिष्कृत ईंधन नहीं है। वहीं पेट्रोल एक बेहद परिष्कृत ईंधन है।


**टैक्स नहीं बढ़ते तो पेट्रोल 75, डीजल 60 रुपए का मिलता :-** पेट्रोल-डीजल की महंगाई के पीछे केंद्र व राज्य सरकारों के टैक्स सबसे बड़ी वजह हैं। ये दोनों उत्पाद सरकार की आय का प्रमुख स्रोत बन चुके हैं।

**पेट्रोलः** 2014 में डीलरों को 49 रुपए लीटर की दर से पेट्रोल बेच रही थीं कंपनियां। डीलरों के मार्जिन के बाद कीमत थी 74 रुपए। तब केंद्र का टैक्स 14 फीसदी और राज्य का 17 फीसदी था। अब केंद्र 32 फीसदी और राज्य 23 फीसदी टैक्स ले रहे हैं। **डीजलः** 2014 में केंद्र का टैक्स और राज्य का 12 फीसदी था। अब केंद्र 35 फीसदी और राज्य 15 फीसदी टैक्स ले रहे हैं।

# डिजिटल गोल्ड में निवेश : सितंबर में गोल्ड ईटीएफ में लोगों ने लगाए 446 करोड़ रुपए, इस साल अब तक 3,515 करोड़ रुपए का निवेश आया

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

सोने के दाम गिरने के साथ ही सोने में निवेश बढ़ने लगा है। सितंबर महीने में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ETF) में 446 करोड़ रुपए का निवेश आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 2021 के पहले 9 महीने के दौरान गोल्ड ईटीएफ में कुल 3,515 करोड़ रुपए का निवेश आया है।




### फोलियो की संख्या बढ़ी

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अनुसार इस कैटेगरी में फोलियो की संख्या भी बढ़ी है। सितंबर में फोलियो की संख्या बढ़कर 24.6 लाख हो गई, जो पिछले महीने 21.46 लाख थी। इस साल अभी तक फोलियो की संख्या में 56 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इससे पिछले महीने यानी अगस्त में गोल्ड ईटीएफ में 24 करोड़ रुपए का निवेश आया था। इससे पहले जुलाई में गोल्ड ईटीएफ से निवेशकों ने 61 करोड़ रुपए से ज्यादा रुपए निकाले थे। हालांकि जून में ईटीएफ में 360 करोड़ रुपए और मई में 288 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था।

### क्या अभी सोने में निवेश करना सही है?

केडिया कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अभी सोना 48 हजार पर है। बढ़ती महंगाई और त्योहारी सीजन के कारण आने वाले समय में सोने को सपोर्ट मिलेगा। इससे सोना दिवाली तक फिर 50 हजार तक जा सकता है।

### क्या है गोल्ड ETF?

यह एक ओपन एंडेड म्यूचुअल फंड होता है, जो सोने के गिरते-चढ़ते भावों पर आधारित होता है। ईटीएफ बहुत अधिक कॉस्ट इफेक्टिव होता है। एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब है कि 1 ग्राम सोना। वह भी पूरी तरह से प्योर। यह गोल्ड में इन्वेस्टमेंट के साथ स्टॉक में इन्वेस्टमेंट की फ्लेक्सिबिलिटी देता है। गोल्ड ईटीएफ की खरीद-बिक्री शेयर की ही तरह BSE और हृस्श्च पर की जा सकती है। हालांकि इसमें आपको सोना नहीं मिलता।

### इसमें कैसे कर सकते हैं निवेश?

गोल्ड ईटीएफ खरीदने के लिए आपको अपने ब्रोकर के माध्यम से डीमैट अकाउंट खोलना होता है। इसमें हृस्श्च पर उपलब्ध गोल्ड ईटीएफ के यूनिट आप खरीद सकते हैं और उसके बराबर की राशि आपके डीमैट अकाउंट से जुड़े बैंक अकाउंट से कट जाएगी। आपके डीमैट अकाउंट में ऑर्डर लगाने के दो दिन बाद गोल्ड ईटीएफ आपके अकाउंट में डिपॉजिट हो जाते हैं।

# होम लोन के लिए अप्लाई करने से पहले सही तैयारी जरूरी, को-एप्लिकेंट जोड़कर बढ़ा सकते हैं लोन लिमिट




**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

होम लोन की दरें रिकॉर्ड निचले स्तर पर हैं और प्रॉपर्टी के दाम फिर बढ़ने लगे हैं। ऐसे में त्योहारों को देखते हुए कई लोग होम लोन लेकर घर खरीदने की योजना बना रहे हैं। यदि आप भी ऐसी ही योजना बना रहे हैं तो होम लोन के लिए आवेदन करने से पहले ये चार होमवर्क जरूर करें। इससे ने सिर्फ होम लोन सस्ता पड़ेगा, बल्कि ज्यादा लोन भी मिल सकेगा। होम लोन पैसा बाजार डॉट कॉम के हेड रतन चौधरी से जानते हैं ये 4 जरूरी बातें...

### को-एप्लिकेंट जोड़ें

अपर्याप्त आय, कम क्रेडिट स्कोर, ज्यादा इनकम-टू-डेट रेश्यो उन मुख्य कारणों में से हैं, जिनके चलते होम लोन एप्लिकेशन नामंजूर हो जाती है। आवेदक अपने परिवार के किसी कमाऊ सदस्य को होम लोन एप्लीकेशन में को-एप्लिकेंट बनाकर अपनी होम लोन योग्यता बढ़ा सकते हैं। विशेषकर उन लोगों को, जिनकी आय स्थिर है और अच्छा क्रेडिट स्कोर है। को-एप्लिकेंट से ज्यादा लोन राशि प्राप्त करने की संभावना बढ़ जाती है और महिला को-एप्लिकेंट बनाने से कुछ बैंकों से लोन ब्याज दरों में 0.05 फीसदी की रियायत भी मिल सकती है।

### होम लोन की तुलना करें

ब्याज दरें, प्रोसेसिंग फीस, अवधि और अन्य लागत विभिन्न बैंकों में अलग-अलग हो सकती हैं। इसलिए, होम लोन लेने से पहले जितने हो सकें उतने बैंकों की तुलना करें। सबसे पहले उस बैंक में पता करें, जिसमें आपका डिपॉजिट या क्रेडिट अकाउंट है। कई बैंक मौजूदा ग्राहकों को बेहतर ब्याज दरों पर लोन ऑफर करते हैं। इसके बाद दूसरे बैंकों के लोन ऑफर की तुलना करें। इससे बेहतर लोन ऑफर ढूंढने में मदद मिलेगी।

### क्रेडिट स्कोर चेक करें

बैंक होम लोन एप्लिकेशन का मूल्यांकन करते समय सबसे पहले क्रेडिट स्कोर पर ध्यान देते हैं। 750 या उससे ज्यादा का क्रेडिट स्कोर लोन मंजूरी की संभावनाएं बढ़ाने के साथ-साथ कम ब्याज दर भी दिला सकता है। इसलिए, होम लोन के लिए आवेदन करने से पहले अपना क्रेडिट स्कोर चेक करना चाहिए। ऐसा करने से कम क्रेडिट स्कोर वाले आवेदक उसमें सुधार करने के लिए पर्याप्त कदम उठा पाएंगे। आप अपना क्रेडिट स्कोर साल में एक बार सिबिल की वेबसाइट से मुफ्त ले सकते हैं।

### EMI क्षमता देखें

बैंक होम लोन एप्लिकेशन का मूल्यांकन करते समय आवेदक की भुगतान क्षमता पर भी विचार करते हैं। बैंक उन्हीं को लोन देना पसंद करते हैं, जो अपनी आय का अधिकतम 50-60 फीसदी खर्च ईएमआई भुगतान (नए लोन की EMI मिलाकर) में करते हैं। इसे इनकम-टू-डेट रेश्यो भी कहते हैं। जो इस सीमा से ज़्यादा खर्च करते हैं, उनका लोन मंज़ूर होने की संभावना कम होती है। यदि आप इस सीमा से ज़्यादा खर्च कर रहे हैं, तो अपने मौजूदा लोन की प्री-पेमेंट/ फोर-क्लोज़ करके इसे कम कर सकते हैं।

#### ग्राहक बढ़ने से जियो को लाभ

# शुल्क वृद्धि से आइडिया वोडा को मिलेगी मदद




**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही दूरसंचार क्षेत्र की कंपनियों के लिए अच्छी साबित होगी। ग्राहक आधार बढ़ने से जियो का प्रदर्शन जहां मजबूत रहेगा, वही भारती एयरटेल और आइडिया-वोडाफोन को शुल्कों में वृद्धि से मदद मिलेगी। दूरसंचार क्षेत्र के कुछ विश्लेषकों ने यह उम्मीद जताई है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कहा कि शुल्कों में ऐसे समय बढ़ोतरी हुई है जबकि वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) का निकट भविष्य में नकदी बाह्य प्रवाह कम होने वाला है। आईआईएफएल ने अपने एक ताजा नोट में कहा, ''दूरसंचार कंपनियों के लिए दूसरी तिमाही अच्छी रहने की संभावना है। हालांकि, जियो और अन्य कंपनियों के प्रदर्शन में वृद्धि या सुधार के कारण अलग-अलग होंगे। उसने उम्मीद जताई है कि जुलाई-सितंबर, 2021 अवधि के दौरान भारती एयरटेल इससे पिछली तिमाही की तुलना में राजस्व वृद्धि के मामले में जियो से मामूली रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगी। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कहा कि कि जियो की आय में वृद्धि का कारण मुख्य तौर पर ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी रहेगा। वहीं एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया को प्री-पेड और पोस्ट-पेड दोनों शुल्कों में वृद्धि से दूसरी तिमाही में आंशिक रूप से मदद मिलेगी।

# सीनियर अधिकारियों की मंजूरी के बाद ही होगी एयरक्राफ्ट के महंगे पार्ट्स की खरीदी




**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि एयरक्राफ्ट के 10 लाख रुपए से अधिक मूल्य वाले नए पार्ट्स और 5 लाख रुपए से अधिक मूल्य वाले ऐसे पार्ट्स जिनकी विमान में जरूरत नहीं होती की खरीद डायरेक्टर फाइनेंस अथवा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर फाइनेंस की मंजूरी के बाद ही की जाएगी। एयरलाइन ने एक आदेश में कहा कि अगर विमान के किसी पार्ट्स की मरम्मत में 10 लाख रुपए से ज्यादा का खर्च आना है तो इसके लिए भी पहले एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजीनियरिंग से मंजूरी लेनी होगी। यह आदेश एयर इंडिया के डायरेक्टर (फाइनेंस) विनोद हेजमादी द्वारा तब जारी किया गया जब नागरिक उड्डयन सचिव राजीव बंसल ने कहा कि एयरलाइन के विनिवेश की कवायद अगले 10 सप्ताह के भीतर पूरी होने की संभावना है और तब तक केवल आवश्यक राजस्व और पूंजीगत व्यय ही किया जाना चाहिए। राजीव बंसल एयर इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर का प्रभार भी संभाल रहे हैं। एयरलाइन की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि विमान के नए कलपुर्जों और गैर विमान कलपुर्जों जिनकी खरीद लागत 10 लाख रुपए से अधिक है, उन्हें खरीदने से पहले डायरेक्टर फाइनेंस अथवा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर फाइनेंस से मंजूरी लेनी होगी। गौरतलब है कि 8 अक्टूबर को सरकार ने घोषणा की कि टाटा संस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड ने 18,000 करोड़ रुपए की पेशकश करके कर्ज में डूबी एयर इंडिया

# बैंक ऑफ इंडिया ने दिवाली पर दिया तोहफा, सस्ता किया होम और ऑटो लोन

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

फेस्टिव सीजन में एक और सरकारी बैंक ने अपने ग्राहकों को होम लोन और ऑटो लोन पर छूट देने की घोषणा की है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने अपने होम लोन पर ब्याज दर में 0.35 फीसदी की कटौती की है। इसके अलावा बैंक ने व्हीकल लोन पर ब्याज दर में 0.50 फीसदी की कमी की है। बैंक की ओर से जारी बयान के मुताबिक, इस कटौती के बाद बीओआई की होम लोन की दर 6.50 फीसदी से शुरू होगी। पहले यह 6.85 फीसदी थी, वहीं बैंक के व्हीकल लोन पर ब्याज दर 7.35 से घटकर 6.85 फीसदी रह गई है। बैंक ऑफ इंडिया ने एक ट्वीट में कहा, अब खुशियां होंगी डबल। अब मनाइए खुशियों का त्योहार बैंक ऑफ इंडिया के संग। बीओआई स्टार होम लोन @ 6.5 फीसदी और स्टार व्हीकल लोन @ 6.85 फीसदी पर जीरो प्रोसेसिंग चार्ज के साथ प्राप्त करें। 8010968305 पर मिस्ड कॉल करें। होम लोन के लिए HL टाइप कर 7669300024 नंबर पर एसएमएस भेजें। व्हीकल लोन के लिए VL टाइप कर 7669300024 नंबर पर एसएमएस भेजें। बैंक ने कहा कि यह स्पेशल रेट 18 अक्टूबर, 2021 से 31 दिसंबर, 2021 तक लागू रहेगी।





# दिल्ली से तिरुपति के लिए मिलेगी सीधी फ्लाइट, नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने दिखाई हरी झंडी

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को दिल्ली-तिरुपति मार्ग पर स्पाइसजेट की उड़ान को हरी झंडी दिखाई। एयरलाइन ने यह जानकारी दी। एयरलाइन की ओर से जारी बयान के अनुसार एयरलाइन इस मार्ग पर 31 अक्टूबर तक सप्ताह में तीन बार और 31 अक्टूबर से इस मार्ग पर एक सप्ताह में चार बार उड़ानों का परिचालन करेगी। एयरलाइन की तिरुपति को हैदराबाद और पुणे से जोड़ने वाली सेवा पहले से ही मौजूद है।





# महंगाई के एक नए दौर की आहट

महंगाई एक ऐसी चीज है, जो कभी खबरों से बाहर नहीं होती। कभी इसके बढ़ने की खबर है, तो कभी घटने की। बताया जाता है कि महंगाई ने इस देश में कई बार सरकारें भी गिरा दी हैं। हालांकि, आजकल के हालात देखकर यकीन करना मुश्किल है कि ऐसा भी होता होगा। महंगाई के मोर्चे पर पिछले कुछ दिनों में आई खबरों पर नजर डालें, तो क्या दिखता है? सितंबर में खुदरा महंगाई की दर पांच महीने में सबसे नीचे आ गई है, जो त्योहारी सीजन में अच्छी खबर मानी जा रही है। दूसरी तरफ खाने के तेलों की महंगाई से परेशान केंद्र सरकार ने इनके आयात पर कस्टम ड्यूटी खत्म करने और सेस घटाने का एलान किया है। सब्जियों की उठापटक तो मौसमी खबर होती है, लेकिन इस वक्त टमाटर की महंगाई चौतरफा मार कर रही है। इसके बावजूद सितंबर का थोक महंगाई दर का आंकड़ा लगातार चौथे महीने गिरा है और अब वह 10.66 प्रतिशत हो गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह है, खाने-पीने की चीजों की महंगाई में नहीं, बल्कि दामों में भारी गिरावट। ध्यान रहे कि महंगाई में गिरावट का मतलब दाम कम होना नहीं है, बस दाम बढ़ने की रफ्तार में कमी आती है। जबकि सितंबर के आंकड़े में खाने-पीने की चीजों के दाम में 4.69 प्रतिशत की कमी आई है। यानी, यहां दाम बढ़ने के बजाय घटे हैं। दूसरी तरफ, मैन्युफैक्चर्ड उत्पाद या फैक्टरी में बननेवाली चीजों की महंगाई दर में मामूली बढ़त हुई है और कच्चे तेल के दामों की वजह से ईंधन की महंगाई दर कुछ कम होने के बाद भी करीब 25 फीसदी पर थी। ये सितंबर के आंकड़े हैं। अक्तूबर की शुरुआत से अब तक डीजल-पेट्रोल का हाल बता रहा है कि आगे भी यहां कोई राहत दिखने के आसार नहीं हैं।

तो अब हिसाब जोड़िए कि महंगाई कम हो रही है या बढ़ रही है? सरकार और सरकारी पैरोकारों की मानेंगे, तो यह घटती दिखेगी और इसके समर्थन में तर्क भी मिल जाएंगे व सुबूत भी। लेकिन थोड़ी गहराई में चलें, तो बात कुछ और ही है। अभी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष या आईएमएफ ने दुनिया की आर्थिक तरक्की के जो अनुमान जारी किए हैं, उन्हें दिखाकर बहुत से लोग ढोल पीट रहे हैं कि भारत का विकास दुनिया में सबसे तेज होने वाला है। लेकिन वे यह नहीं देख रहे हैं कि मुद्रा कोष ने इन आंकड़ों के साथ हल्के से एक चेतावनी भी दी है, और वह चेतावनी महंगाई का ही खतरा दिखा रही है। बेशक, भारत का रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति में कह चुका है कि अगले तीन महीनों में महंगाई काबू में रहने के ही आसार दिख रहे हैं। लेकिन मुद्रा कोष की चेतावनी तीन महीनों से आगे की है। उसका कहना है कि अगले साल के मध्य तक दुनिया भर में महंगाई की दर कोरोना से पहले के स्तरों पर पहुंच जाएगी। इसका मुकाबला करने के लिए जल्द ही एहतियाती कदम उठाने की जरूरत है। यही नहीं, आईएमएफ का यह भी कहना है कि महंगे पेट्रोल और डीजल का बाकी हर चीज की महंगाई पर थोड़ा असर पड़ता है, लेकिन वही काफी है। दूसरे शब्दों में, कच्चे तेल के दामों में आ रही तेजी और उससे भारत में महंगाई बढ़ने की आशंका को नजरंदाज करना दुस्साहस ही कहा जा सकता है। आईएमएफ ने अप्रैल में कहा था कि चालू साल में भारत की महंगाई दर 4.9 फीसदी रह सकती है, लेकिन अब उसने इसे बढ़ाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की रिपोर्ट में एक चिंताजनक बात यह भी दिखती है कि कोरोना संकट के दौरान जहां अमीर देशों में महंगाई दर काफी तेजी से और भारत जैसे विकासशील देशों या उभरती अर्थव्यवस्थाओं में कुछ कम रफ्तार से गिरी थी, वहीं गरीब देशों में यह बढ़ती ही रही, और इस वक्त जब दुनिया भर की अर्थव्यवस्था में सुधार की बात हो रही है, तब भी वहां की महंगाई सबसे तेज बढ़ रही है। उभरते बाजार अब उसके साथ मुकाबले में आ गए हैं और अमीर देशों में भी महंगाई का एक नया दौर शुरू होता दिख रहा है। अमेरिका के अखबारों पर नजर डालें, तो दिखता है कि इस वक्त वहां महंगाई बहुत बड़ी चिंता बन चुकी है। पांच-साढ़े पांच फीसदी महंगाई का आंकड़ा भारत से देखने पर कम दिखता है, लेकिन अमेरिका में यह 10 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। अब केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के भीतर भी इससे निपटने के मसले पर गंभीर मंत्रणा हो रही है। सबसे बड़ा दबाव तो यही है कि डेढ़ साल से लगातार नोट छाप रहा अमेरिका अब कैसे उन नोटों को सिस्टम से बाहर खींचने का काम करेगा, ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। फेडरल रिजर्व पर पूरी दुनिया की नजर है, क्योंकि सबको आशंका है कि जैसे ही नकदी की सप्लाई घटेगी, वैसे ही शेयर बाजारों में दिवाली का माहौल भी खत्म हो जाएगा। और ऐसा कोई नहीं चाहता। यह महंगाई कुछ समय की बात है, ऐसा माननेवाला तो अब शायद ही कोई बचा हो। लेकिन विद्वानों का एक तबका खड़ा हो चुका है, जिसका कहना है कि इस वक्त दुनिया भर में अर्थव्यवस्था की जो हालत है, उसमें सभी को थोड़ी और महंगाई झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। कोरोना संकट और उसके साथ लगे लॉकडाउन की वजह से दुनिया भर में आपूर्ति श्रृंखला बिखर चुकी थी। यही वजह है कि ज्यादातर उद्योगों में कच्चा माल या पुर्जे नहीं पहुंच पाए। दाम बढ़ने की वजह यही है कि कंपनियों का खर्च बढ़ गया है। और वह भी तब, जबकि वे किफायत के सारे रास्ते आजमा चुकी हैं। ऐसे में, दाम काबू करने का दबाव शायद बहुत से कारोबारों के लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है। लेकिन यह एक तर्क है। दूसरी तरफ, उन गरीब देशों में करोड़ों की आबादी को देखिए, जो अमेरिका या यूरोप के मुकाबले तीन गुना रफ्तार से चढ़ती महंगाई की मार झेल रही है।

**संपादकीय**

# बस ज़रा और कांग्रेस होने की जरूरत है

**- शकील अख्तर**

यही जरा सा और कांग्रेस हो जाना है। आउट आफ बाक्स जाकर सोचना और करना। जब भारत में उच्च शिक्षा की कोई मांग, कान्सेप्ट नहीं था। तब नेहरू ने आईआईटी, आईआईएम, एम्स बनाए। इन्दिरा गांधी ने सेठों के हाथ से लेकर बैंकों के दरवाजे गरीबों के लिए खोल दिए। कृषि ऋण से लेकर बेरोजगार युवाओं और छोटे दूकानदारों को आसान शर्तों पर सब्सिडी के साथ कर्ज दिए। आज तो बड़े-बड़े लोग कर्ज लेकर भाग गए। मगर तब हर गरीब, छोटे व्यापारी, युवा ने अपनी किस्तें दीं। कर्ज चुकाया। कांग्रेस के लिए काम करने वाले बहुत लोग हैं। अपने-अपने तरीके से ये लोग उस विचार के लिए जिसे आइडिया आफ इंडिया कहते हैं काम करते रहते हैं। कभी पृष्ठभूमि में, कभी खतरे उठाकर और कभी आलोचनाओं का केन्द्र बनकर भी। मगर हिम्मत नहीं हारते। इस समय वे उत्साह में हैं। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक जिसे बहुत कामयाब माना जा रहा है के बाद एक खास शख्सियत ने बहुत पते की बात कही। कहा कि कांग्रेस वापस लौट रही है। बस जरा और कांग्रेस होने की जरूरत है! इस जरा और में ही भारत की और कांग्रेस की सारी शक्ति छुपी हुई है। भारत किसका है? कांग्रेस किसकी है? जैसा कि राहुल ने सीडब्ल्यूसी में कहा कि गरीबों, वंचितों, शोषितों, दलितों, महिलाओं की। हर उस कमजोर की कांग्रेस है, जिसका कोई नहीं है। आइडिया आफ इंडिया भी क्या इससे अलग है? आइडिया आफ इंडिया यानि भारत का संविधान। जो शुरू होता है हम भारत के लोग से! कौन हैं हम भारत के लोग? वही जिनके लिए राहुल ने सीडब्ल्यूसी में कहा कि मैं इन्हें राज दिलाना चाहता हूं ताकि इन पर जुल्म न किया जा सके। इसीलिए हमने पंजाब में एक दलित को मुख्यमंत्री बनाया। हम चाहते हैं कि दलित, पीड़ित, वंचित समाज का राज आए। ताकि कोई उनकी बहन, बेटी की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत भी नहीं करे। राहुल ने कहा कि इसीलिए मुझे आपका साथ चाहिए।


और यही वह भावना और आकांक्षा जरा और कांग्रेस में है। कांग्रेस मतलब भी वही है। जो उसके संविधान के पहले पेज पर ही लिखा है कि %भारत में समाजवादी राज कायम करना%। क्या है समाजवादी राज? इसे भी स्पष्ट किया गया है कि वह राज्य जिसमें अवसरों की, राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की समानता हो। राहुल ने खुद को अध्यक्ष बनाने की मांग पर यही कहा कि मुझे विचारों में स्पष्टता चाहिए। किससे कहा? उन्हीं कांग्रेस के लोगों से जो उनसे अपील कर रहे थे कि अध्यक्ष बन जाइए। तो राहुल उनसे यही स्पष्टता चाहते हैं कि भारत किसका? कांग्रेस किसकी? क्या अंबानी-अडानी की? या भारत के लोगों की? जिनके लिए कांग्रेस समान अधिकारों की बात करती है। शनिवार को हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग कई मायनों में ऐतिहासिक रही। एक और दोस्त, लेखक जिन्होंने लिखा कि %देखने हम भी गए पे तमाशा न हुआ!% की तरह। मीडिया को लगता था कि सोनिया, राहुल के धुर्रे उड़ेंगे। गालिब के उड़ेगें पुर्ज़े की तरह। मगर मीडिया का मुंह इस तरह बंद हुआ कि दो दिन से बक् भी नहीं निकल रही। जी-23 तो कहां बिला गया पता ही नहीं है। मीटिंग में जो उसके सबसे सीनियर सदस्य थे गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा वे सोनिया की इस बात का कोई प्रतिवाद नहीं कर सके कि मैं ही अध्यक्ष हूं। पूर्णकालिक, काम करती हुई। कैसा बेहूदा सवाल था कि फैसले कौन लेता है। मगर शांत और संयत रहते हुए सोनिया गांधी ने इसका भी जवाब दिया कि फैसले मैं लेती हूं। और उन्होंने यह बात कही नहीं। बहुत बड़प्पन और भारीपन हैं उनमें। मगर सभाकक्ष में यह ध्वनि अपने आप गूंज रही थी कि सोनिया जी ने ही यह फैसला लिया था कि आप राहुल के साथ लखीमपुर मामले में राष्ट्रपति से मिलने जाएंगे। और इन कमेटियों में रहेंगे। चिठ्ठी लिखने के बाद करीब एक साल हो रहा है। मगर सोनिया ने इस दौरान कभी डिस्क्रिमेशन नहीं किया। कोई सवाल नहीं किया। तब भी नहीं जब जम्मू में बागी सम्मेलन कर लिया। प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा के गीत गा लिए। बस धीरे से इतना ही कहा कि मीडिया के जरिए बात न करें। कौन सी पार्टी है ऐसी जो अपने आन्तरिक मामलों में मीडिया के जरिए बात करने वाले नेताओं को इतने लंबे समय तक बर्दाश्त करती हो?

यह तो मोदी और अमित शाह का राज है। आडवानी और वाजपेयी ने उमा भारती जैसी नेता को पार्टी से निकाल दिया था। उमा भारती से लाख राजनीतिक विचारों के मतभेद हों। मगर उन जैसा जमीन से उठकर शिखर तक राजनीति में इन जी-23 में कौन सा नेता आया है? अपने अकेले की दम पर 2003 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पलट दी थी। इनमें से कोई इतनी मेहनत कर सकता है? कभी करके दिखाई?

कोई एक चुनाव अपनी दम पर निकाला? सवाल तीखे हैं। चुभेंगे। मगर शुरूआत इन्होंने ही की। और शायद अकेले में मानते हों कि कभी सोनिया, राहुल, या प्रियंका ने उनकी इज्जत में कमी नहीं आने दी। तब भी चुप रहे जब अपने अलावा सबको जी हुजूर बता दिया। बहुत ही भड़काने वाला बयान था। मतलब जो कांग्रेस अध्यक्ष का समर्थक है वह जी हुजूर। और बाकी जी-23 प्लस! कहां हैं अब प्लस? यहां तो 23 में ही माइनस- माइनस दिख रहे हैं। लोग तो 2-3 कहने लगे। वह 2-3 भी कौन हैं। उनके नाम भी पता नहीं। शनिवार से तो एक भी नहीं बोला। मीडिया फोन पर फोन कर रहा है। कैमरे लेकर दरवाजे तक पहुंच गया। बिना कैमरा आने की परमिशन मांगी।

# बांग्लादेश से भारत के लिए सबक

**कोमिला जिला समेत वहां के कई और जिलों में हिंदू समुदाय के लोगों की बड़ी आबादी है। कोमिला जिले में दशकों से हिंदू और मुसलमान आपसी सद्भाव के साथ रहते आए हैं। मुस्लिम तबके के लोग भी दुर्गा पूजा के दौरान पंडालों में जाते हैं। इसी वजह से यहां रात को पूजा पंडालों में कोई पहरा नहीं होता। लेकिन इस बार जिस तरह इस हिंसा को भड़काया गया, उससे समझ में आता है कि धर्म के आधार पर नफरत फैलाने वालों की जड़ें मजबूत हो चुकी हैं। हालांकि पुलिस ने इस घटना के तुरंत बाद कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया था।**



भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों से सांप्रदायिक हिंसा और तनाव की स्थिति बनी हुई है, जो काफी चिंताजनक है। पहले राजधानी ढाका से सौ किमी दूर कोमिला में दुर्गापूजा पंडाल में ईशनिंदा की कथित खबर के बाद हिंसा भड़क उठी। जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई और कई घायल हो गए। इसके बाद फेनी इलाके में मंदिर पर हमले की खबर आई है। हालात को संभालने के लिए आधा दर्जन से अधिक जिलों में अर्द्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अफवाह फैलाई गई थी कि एक पूजा पंडाल में कुरान रखकर उसका अपमान किया गया है। इसके बाद चांदपुर के हबीबगंज, चटगांव के बांसखाली, कॉक्स बाजार के पेकुआ और शिवगंज के चापाईनवाबगंज समेत कई इलाकों में हिंसा भड़क उठी और पंडालों में तोड़फोड़ की गई।

हालांकि इसमें साजिश का खुलासा भी हो रहा है। कोमिला महानगर पूजा उद्यापन समिति के महासचिव शिव प्रसाद दत्त ने बीबीसी को कुरान के कथित अपमान की बात को निराधार बताते हुए कहा है कि किसी ने जानबूझ कर हिंसा भड़काने के लिए ही मामुआ दीघीर पार में बने पूजा पंडाल में चुपके से कुरान की एक प्रति रख दी थी। उस समय पंडाल में कोई नहीं था। बताया जा रहा है कि इसके बाद उसकी फोटो खींचकर फेसबुक पर डाली गई और पवित्र कुरान के अपमान की खबर फैलाई गई। जाहिर है ये सब हिंदुओं और मुसलमानों में वैमनस्य भड़काने के उद्देश्य से किया गया था। गौरतलब है कि बांग्लादेश की 14.9 करोड़ की आबादी में करीब 8.5 प्रतिशत हिंदू हैं।

कोमिला जिला समेत वहां के कई और जिलों में हिंदू समुदाय के लोगों की बड़ी आबादी है। कोमिला जिले में दशकों से हिंदू और मुसलमान आपसी सद्भाव के साथ रहते आए हैं। मुस्लिम तबके के लोग भी दुर्गा पूजा के दौरान पंडालों में जाते हैं। इसी वजह से यहां रात को पूजा पंडालों में कोई पहरा नहीं होता। लेकिन इस बार जिस तरह इस हिंसा को भड़काया गया, उससे समझ में आता है कि धर्म के आधार पर नफरत फैलाने वालों की जड़ें मजबूत हो चुकी हैं। हालांकि पुलिस ने इस घटना के तुरंत बाद कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया था।

बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जमान ने कहा है कि सरकार इस घटना को गंभीरता से ले रही है। वहीं प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को हिंसा के दोषियों पर कानूनी शिकंजा कसने का वादा करते हुए कहा था कि हिंदू मंदिरों और कोमिला में दुर्गापूजा स्थलों पर हमले में संलिप्त किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा। शेख हसीना ने कहा था कि कोई मायने नहीं रखता है कि दोषी किस मजहब का है। दोषियों को जल्द पकड़ा जाएगा और उन्हें सजा मिलेगी। और इसके साथ ही उन्होंने भारत को नसीहत देते हुए कहा था कि यहां तक कि भारत में भी ऐसा कुछ नहीं होना चाहिए, जिससे हमारे मुल्क पर असर हो। भारत में कुछ होता है तो हमारे यहां के हिन्दू प्रभावित होते हैं। भारत को भी इसे लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

बांग्लादेश में या दुनिया के किसी भी देश में लोगों के साथ धर्म के नाम पर हिंसा हो या अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित किया जाए, अल्पसंख्यकों को दोयम दर्जे के नागरिकों की तरह रहना पड़े, उन्हें अपने ही देश में डर कर रहना पड़े या बार-बार अपनी देशभक्ति का सबूत देना पड़े, तो यह उस देश की सरकार के लिए सबसे शर्मनाक बात होना चाहिए। जिस देश का मुखिया अपने सभी नागरिकों को सुरक्षित जीवन का आश्वासन न दे सके, तो उसे नाकामी के तौर पर दर्ज किया जाना चाहिए। बांग्लादेश के संबंध में कम से कम यह देखकर आश्वस्ति होती है कि प्रधानमंत्री ने अविलंब हमले की निंदा की और दोषियों को सजा दिलाने का भरोसा दिलाया। हालांकि इसके बाद भी क्या वहां धार्मिक कट्टरता पर रोक लग सकेगी, ये उनके लिए चिंता का सवाल होना चाहिए। वैसे ये बात ध्यान आती है कि भारत में प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हिंसा में अपनी पहली प्रतिक्रिया देने में तीन दिन लगा दिए थे। उन्होंने तब शांति बनाए रखने की अपील जरूर की थी, लेकिन उस अपील पर अमल कैसे हो, ये सवाल देश में अब तक बना हुआ है। क्योंकि दिल्ली हिंसा में पुलिस की कार्यशैली और आरोपियों पर कार्रवाई न करने को लेकर बार-बार सवाल उठे हैं। ऐसे में शेख हसीना की यह नसीहत व्यर्थ नहीं लगती कि भारत में भी ऐसा कुछ नहीं होना चाहिए। हालांकि लगता नहीं कि भारत में इस नसीहत पर सत्तारुढ़ भाजपा ध्यान देगी। विदेश मंत्रालय ने तो बांग्लादेश की हालात संभालने के लिए सराहना की है। लेकिन इस बीच भाजपा के सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालवीय ने बांग्लादेश की घटना पर घरेलू राजनीति शुरु करते हुए प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। अमित मालवीय ने ट्वीट में लिखा बांग्लादेश में हिन्दुओं की धार्मिक स्वतंत्रता खतरे में है, यह बताता है कि सीएए एक मानवीय कानून है। ममता बनर्जी का सीएए का विरोध और सोची-समझी चुप्पी पश्चिम बंगाल के हिन्दुओं के लिए निराशाजनक है। यहां के हिन्दू भी टीएमसी शासन में हाशिए पर जा रहे हैं।% जबकि मेघालय के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने कुरान के अपमान को अफवाह बताते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। वे ऐसा करने का कभी सोच भी नहीं सकते क्योंकि बांग्लादेश एक मुस्लिम बाहुल्य देश है। ये प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि धार्मिक आधार पर उत्पीड़न को लेकर भाजपा की चिंता कितनी एकतरफा है। जिस तरह वहां कुरान पर अफवाह उड़ाई गई, वैसी ही अफवाहें भारत में गौ वध को लेकर उड़ाई जाती रही हैं। सीएए हो या ऐसी अफवाहें इनका खामियाजा अल्पसंख्यकों को ही भुगतना पड़ता है। इस उत्पीड़न को तभी रोका जा सकता है जब सरकार समाज में ऐसा माहौल बनाए कि हर धर्म को बराबरी से सम्मान मिले।

# क्या गंगा-जमुनी तहजीब कल्पना मात्र है

**- राम पुनियानी**

हमारी समृद्ध सांझा संस्कृति के चन्द उदाहरण मात्र हैं। परंतु साम्प्रदायिक राष्ट्रवाद, जो इस समय दिन दूनी रात चौगुनी गति से अपना प्रभाव बढ़ा रहा है, को इस सबसे कोई मतलब नहीं है। वह चाहता है कि हर संस्कृति, हर विचार और हर परंपरा हिन्दू संस्कृति का अंग बन जाए। तुर्रा यह है कि हिन्दू संस्कृति क्या है इसे भी वे ही परिभाषित करना चाहते हैं। और इसलिए उन्हें गंगा-जमुनी तहजीब से एलर्जी है। विश्व हिन्दू परिषद के महासचिव मिलिन्द परांडे ने हाल (सितम्बर, 2021, द टाईम्स ऑफ इंडिया) में कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब (जिसे भारत में हिन्दू और मुस्लिम संस्कृति के संगम के लिए प्रयुत्त्व किया जाता है) एक अप्रासंगिक और खोखली परिकल्पना है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में केवल एक ही संस्कृति हो सकती है और अन्य संस्कृतियों का उस संस्कृति में विलय अवश्यंभावी है। यह भी कहा जा रहा है कि गंगा-जमुनी तहजीब केवल एक कल्पना है जिसका प्रचार-प्रसार समाज के अभिजन वर्ग द्वारा किया जा रहा है और ऐसी कोई तहजीब भारतीय इतिहास में कभी रही ही नहीं। जो लोग ऐसा कह रहे हैं उनके अनुसार देश में हिन्दू और मुस्लिम समुदायों के बीच हमेशा से तनाव, टकराव और संघर्ष रहा है और देश पर इस्लामी आक्रमण, दमन और हिन्दुओं के कत्लेआम का पर्याय है। कई लोग मुस्लिम राजाओं द्वारा मंदिरों के विध्वंस और गैर-मुस्लिम प्रजा पर जजिया लगाए जाने को भी इसका उदाहरण बताते हैं।

यह सही है कि गंगा-जमुनी तहजीब शब्द समूह का उपयोग सबसे पहले 19वीं सदी में भारतीय इतिहास में विभिन्न समुदायों के अंतरसंबंधों और देश में सांझा संस्कृति के उदय के लिए किया गया था। भारत दुनिया





के सबसे विविधवर्णी देशों में से एक है। हमारे देश में लगभग 4,600 विभिन्न जातियों/समुदायों के लोग निवास करते हैं और इनमें से शायद ही कोई यह दावा कर सके कि उसकी नस्ल, जाति अथवा समुदाय पूरी तरह से शुद्ध है। इसका कारण यह है कि देश में पुरातन काल से ही विभिन्न समुदायों के बीच वैवाहिक संबंध होते आए हैं। हमारे देश में लगभग 18 मुख्य भाषाएं और 700 से ज्यादा बोलियां प्रचलित हैं। यहां कम से कम आठ धर्मों के लोग निवास करते हैं और पहनावे व खानपान की विविधता दिमाग को चकरा देने वाली है। ज्ञात इतिहास की शुरूआत से ही भारतीय उपमहाद्वीप में अनेक नस्लों के लोग आकर बसते रहे हैं। इनमें द्रविड़, आर्य, मंगोल और यहूदी शामिल हैं। प्राचीन भारतीय-आर्य और मध्यकालीन भारतीय-मुस्लिम समुदायों ने देश की संस्कृति पर गहरा प्रभाव डाला।

भारतीय-आर्य अंतरसंबंधों ने वैदिक संस्कृति के निर्माण में योगदान दिया जो एक बहुत लंबे काल तक हमारे देश की पहचान बनी रही। भारतीय-मुस्लिम अंतरसंबंधों से गंगा-जमुनी तहजीब उपजी। देश में साम्प्रदायिक राष्ट्रवाद के उदय और उसके द्वारा अतीत की चुनिंदा घटनाओं की संकीर्ण व्याख्या किए जाने के कारण राजाओं को धर्म के चश्मे से देखा जाने लगा। मुस्लिम राजाओं के बारे में जो कुछ कहा गया वह अर्धसत्य था। अंग्रेजों ने इतिहास का साम्प्रदायिकीकरण किया और मुसलमानों और हिन्दुओं ने अपने-अपने धर्मों के राजाओं का महिमामंडन और अन्य धर्मों के राजाओं का दानवीकरण शुरू कर दिया। मुस्लिम राजाओं के बारे में कहा जा रहा है कि उन्होंने मंदिर तोड़े और हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया। इस मुद्दे को इतना बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया जा रहा है मानो वह जर्मनी में यहूदियों के नरसंहार के समकक्ष हो। सच तो यह है कि राजा चाहे जिस धर्म के रहे हों उनके बीच संघर्ष और युद्धों में आमजनों की मौतें होती ही थीं। अशोक के नेतृत्व में लड़े गए कलिंग युद्ध से लेकर मध्यकाल में अकबर और राणा प्रताप के बीच संघर्ष तक आम लोग राजाओं की अपने-अपने साम्राज्यों का विस्तार करने की महत्वाकांक्षा की कीमत अदा करते आए हैं। वस्तुनिष्ठ और वैज्ञानिक ढंग से लिखे गए इतिहास से हमें पता चलता है कि हिन्दू राजाओं ने धर्मयुद्ध, मुस्लिम राजाओं ने जिहाद और ईसाई राजाओं ने क्रूसेड के नाम पर अपने-अपने साम्राज्यों की सीमाओं का विस्तार किया। परंतु जो विमर्श हमारे देश में अभी प्रचलित है उसमें इस बात पर तो जोर दिया जाता है कि औरंगजेब ने गद्दीनशीन होने के लिए अपने भाईयों और अन्य परिवारजनों का कत्ल किया। परंतु यह याद नहीं दिलाया जाता कि प्राचीन भारत में अशोक ने भी ऐसा ही किया था। और अभी हाल में नेपाल के राजा ज्ञानेन्द्र ने अपने भाई के परिवार को एक साजिश के तहत कत्ल करवा दिया था। जहां राजाओं का लक्ष्य अधिक से अधिक संपत्ति और अधिक से अधिक भूमि पर अधिकार स्थापित करना रहता था वहीं इतिहास का जो संस्करण आम प्रचलन में है उससे ऐसा लगता है मानो उनकी हर कार्रवाई केवल उनके धर्म से प्रेरित होती थी। औरंगजेब द्वारा वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के ध्वंस के बारे में तो हमें बताया जाता है किंतु हमें यह नहीं बताया जाता कि उसी औरंगजेब ने वृंदावन के कृष्ण मंदिर, उज्जैन के महाकाल और गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर को भारी धनराशि दान की थी। हमें यह भी नहीं बतलाया जाता कि औरंगजेब ने गोलकुंडा में एक मस्जिद में छिपाई गई संपत्ति को हासिल करने के लिए मस्जिद को जमींदोज कर दिया था।

# सच तो ये है कि आप हमें ऋणी बना कर चले गए

सच तो ये है कि आप हमें ऋणी बना कर चले गए।
जो भी फ़र्ज़ हमसे जुड़े थे, हर फ़र्ज़ निभा कर चले गए।
कहते हैं के हर अधिकार से जुड़ा एक फ़र्ज़ होता है।
आप हर अधिकार हमें देकर हर फ़र्ज़ का ऋणी बना कर चले गए।
कभी सोचा भी नहीं था के आप यूं चले जाएंगे।
आज भी लगता है मानो अभी लौट कर आ जाएंगे।
जिंदगी की सारी खुशियां हमें देकर अपने जाने का ग़म दे चले गए।
सच तो ये है के आप हमें ऋणी बना कर चले गए।
घर की हर छोटी सी चीज़ भी आपकी याद दिलाती है।
कितना कुछ किया आपने हमारे लिए हर चीज गवाह बन जाती है।
घर के हर कोने से आप ज़िंदगी की सबसे मीठी याद देकर चले गए।
सच तो ये है कि आप हम ऋणी बनाकर चले गए।
कहते हैं कि पिता का दिल कठोर होता है वो कभी नहीं रोता है।
पर मेरे दूर जाने के गम में पलकें भिगोते मैंने आपको देखा है।
पिता की परिभाषा बदल कठोरता को प्रेम में बदल कर चले गए।
सच तो ये है की आप हमें ऋणी बना कर चले गए।
मेरा बच्चा मेरे लिए ये करेगा बचपन में ये हर मां बाप कहते हैं।
कुछ भी नहीं कर पाए आपके लिए आज भी इसलिए तड़पते हैं।
अपने इस निस्वार्थ प्रेम में हम सबको डूबो कर चले गए।
सच तो ये है कि आप हमें ऋणी बना कर चले गए।
जैसे जो मांगा सब कुछ दिया है, उम्मीद है कि ये भी देंगे।
आपके ऋण कुछ उतारने का, उम्मीद है आप अवसर देंगे।
लौटेंगे आप फिर हमारे बीच अनजाने ही ये उम्मीद दे चले गए।
सच तो ये है कि आप हमें ऋणी बना कर चले गए।



# नॉनवेज लवर्स जरूर ट्राई करें हारियाली चिकन टिक्का की ये रेसिपी, स्वाद ऐसा भूल नहीं पाएंगे आप

मौसम और मौका जो भी हो नॉनवेज पसंद करने वालों को चिकन पार्टी करने का बस बहाना चाहिए होता है। अगर आप भी चिकन लवर्स है तो आज की रेसिपी खास आपके लिए ही है। जी हां, और इस खास रेसिपी का नाम है हारियाली चिकन टिक्का। यह रेसिपी खाने में इतनी टेस्टी होती है कि आप इसे घर पर होने वाली किसी भी पार्टी के मेन्यू में आसानी से शामिल कर सकती हैं। खास बात यह कि इसे बनाने में भी ज्यादा समय नहीं लगता है। तो आइए जानते हैं कैसे बनाया जाता है हरियाली चिकन टिक्का।

## हरियाली चिकन टिक्का बनाने के लिए सामग्री

- चिकन-500 ग्राम
- धनिया पत्ता-2 चम्मच
- पुदीना के पत्ते-2 चम्मच
- हरी मीर्च-2
- अदरक-लहसुन-2 इंच बड़ा चम्मच
- दही-1/2 कप
- नमक-स्वादानुसार
- तेल-2 चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर-1/2 चम्मच
- अमचूर पाउडर -1/2 चम्मच
- गरम मसाला-1/3 चम्मच
- दही-2 चम्मच
- नींबू रस-1 चम्मच

हरियाली चिकन टिक्का बनाने के लिए सबसे पहले आप हरा धनिया पत्ता, अदरक-लहसुन, पुदीना पत्ता और हरी मिर्च को मिक्सर में डालकर अच्छे से उसका पेस्ट बना लें। इसके बाद इस पेस्ट को किसी बर्तन में निकालकर इस पेस्ट में दही के साथ अन्य सभी मसाले को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। सभी सामग्री मिक्स करने के बाद लगभग 5 मिनट के लिए अलग रख दें। 5 मिनट बाद इसमें चिकन को डालें और चिकन को कोट कर लें। चिकन पर मसाला कोट करने के बाद लगभग 15 मिनट के ऐसे ही छोड़ दें। अब इसे तंदूर पर अच्छे से सेंक लें। आप चाहें तो पैन में बटर गरम करके चिकन को रोस्ट भी कर सकते हैं।चिकन रोस्ट करने के बाद ऊपर में धनिया पत्ता और नींबू रस डालकर सर्व कर सकती हैं।

**इसके बाद इस पेस्ट को किसी बर्तन में निकालकर इस पेस्ट में दही के साथ अन्य सभी मसाले को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। सभी सामग्री मिक्स करने के बाद लगभग 5 मिनट के लिए अलग रख दें।**



# वेट लॉस और आंखों के लिए फायदेमंद है हरी प्याज, जानें डाइट में शामिल करने के कारण

चाउमीन, मनचूरियन में अक्सर आपने हरी प्याज को देखा होगा। इसका स्वाद बेहद ही स्वादिष्ट लगता है। आप भी घर में अक्सर हरी प्याज की सब्जी बनाती होंगी या फिर किसी चायनीज डिश को गार्निश करने के लिए इस्तेमाल करती होंगी। रोजाना में खाई जाने वाली प्याज की तुलना में इसका स्वाद थोड़ा हल्का होता है। हालांकि, ये न केवल स्वाद में अच्छी होती हैं बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होती हैं। हरी प्याज को आप अपनी रोजाना की डाइट में शामिल कर सकते हैं। आइए जानते हैं रोजाना की डाइट में हरी प्याज को शामिल करने के फायदे।

### 1) कैंसर के खतरे को कम

हरी प्याज सल्फर का एक स्रोत है जो आपके शरीर के लिए फायदेमंद है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कैंसर खतरे को कम करता है। इसके अलावा, यह कैंसर से लड़ता है क्योंकि इसमें एलिल सल्फाइड और फ्लेवोनोइड जैसे कंपाउंड होते हैं जो कैंसर कोशिका पैदा करने वाले एंजाइमों से लड़ते हैं। कैंसर के खतरे से बचने के लिए अपने आहार में हरी प्याज को शामिल कर सकते हैं।

### 2) मेंटेन ब्लड शुगर लेवल

अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर की परेशानी है तो हरी प्याज में मौजूद सल्फर कंपाउंड आपकी मदद कर सकता है। यदि आप अपने ब्लड शुगर लेवल के स्तर को नियंत्रित करना चाहते हैं तो यह एक इंपोर्टेंट इंग्रेडिएंट है क्योंकि हरी प्याज इंसुलिन के स्तर को बढ़ाता है जो ब्लड शुगर लेवल को शरीर की कोशिकाओं तक पहुंचाने के लिए आवश्यक है।

### 3) आंखों के लिए अच्छा होता है

हरी प्याज में ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन जैसे कैरोटेनॉयड्स होते हैं जो हमारी आंखों की सुरक्षा करते हैं। यह आंखों के लिए भी एक अच्छा विकल्प है क्योंकि इसमें विटामिन ए होता है जो आपकी आंखों को स्वस्थ रखने और सामान्य रोशनी बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है।

### 4) वेट लॉस

हरी प्याज पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। साथ ही इसमें कैलोरी और फैट का स्तर बहुत कम होता है। यह निश्चित रूप से वजन घटाने में आपकी मदद कर सकता है। इसके अलावा इसमें फाइबर होता है जो वास्तव में आपके शरीर के लिए स्वस्थ होता है और वजन घटाने को बढ़ावा देता है।

**इसके बाद इस पेस्ट को किसी बर्तन में निकालकर इस पेस्ट में दही के साथ अन्य सभी मसाले को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। सभी सामग्री मिक्स करने के बाद लगभग 5 मिनट के लिए अलग रख दें।**

# वजन कम करने के लिए पीते हैं शहद का पानी



कई लोग ऐसे हैं जो अपनी सुबह की शुरूआत शहद के पानी से करते हैं। हालांकि शहद का पानी इसलिए पीते हैं ताकि अनचाहे वजन को कम किया जा सके। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शहद का पानी बहुत कुछ कर सकता है? शहद में एंटी इंफ्लामेटरी, औषधीय और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो विभिन्न बीमारियों को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा शहद पाचन में मदद करता है। साथ ही लिवर को भी साफ करता है, दिल की बीमारियों को रोक सकता है, और वजन घटाने में मदद करता है। इसके अलावा भी शहद के जादुई फायदे हैं। तो चलिए जानते हैं।

### पाचन में सुधार

शहद का पानी ब्लोटिंग को कम करता है और आपके पाचन में सुधार करता है। यह हमारे शरीर में मौजूद हानिकारक केमिकल्स की मात्रा को कम करता है जो ब्लोटिंग और गैस के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को भी बढ़ावा देता है।

### हृदय रोग

शहद के पानी का सेवन शरीर में ब्लड क्लोटिंग को बनने से रोकता है । अगर आप ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन और कोलेस्ट्रॉल को कम करना चाहते हैं, तो अपने दिन की शुरुआत शहद का पानी पीने से कर सकते हैं।

### बूस्ट इम्यूनिटी

शहद एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है जो हमारी इम्यूनिटी को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि एक गिलास गर्म शहद का पानी पीने से सामान्य सर्दी, बुखार और खांसी से बचा जा सकता है।

### स्किन

डिहाईड्रेशन के कारण आपकी स्किन सुस्त और ड्राई हो जाती है। ऐसे में सुबह पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से आपकी स्किन दिन भर तरोताजा और कोमल दिखेगी।

### टॉक्सिन

खाली पेट एक गिलास गर्म शहद का पानी पीना आपके शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने का सबसे अच्छा तरीका है।

# लहसुन के तड़के वाली रसीली बैंगन-आलू की सब्जी, चावल और सलाद के साथ आएगा पूरा मजा

लहसुन के तड़के वाली रसीली बैंगन-आलू की सब्जी, चावल और सलाद के साथ आएगा पूरा मजा

बैंगन-आलू हर घर में बनने वाली कॉमन सब्जी है। कई लोग इसे सूखा बनाते हैं और कई लोग रसेदार। अगर आपका झटपट कुछ बनाने का मन है या आप घर से बाहर रहते हैं तो आलू-बैंगन की सब्जी और चावल एक टेस्टी कॉम्बो है। ये सब्जी बनाना बेहद आसान है। इसमें मेन इनग्रीडिएंट हैं आलू, बैंगन और टमाटर। आपको लहसुन का फ्लेवर पसंद है तो इसमें अलग से तड़का दे सकते हैं। सब्जी पराठे के साथ भी लाजवाब स्वाद देती है।



### सामग्री

आलू, बैंगन, टमाटर, प्याज, लहसुन, अदरक, हरी मिर्च, हरा धनिया, नींबू, मटर (ऑप्शनल), हींग, जीरा, सौंफ, गरम मसाला, राई, नमक, लाल मिर्च।

### विधि

सबसे पहले आलू और बैंगन को काटकर पानी में डाल लें। अब प्याज और मिर्च को चॉपर से बारीक काट लें। आप इसको ग्राइंडर में चला सकते हैं या चाकू से बारीक काट भी सकते हैं। अब एक पैन या कढ़ाही में तेल गरम करें। इसमें हींग, जीरा, राई और सौंफ डालें। मसाले चटक जाएं तो प्याज और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। मसाले भुन जाएं तो टमाटर प्यूरी ऐड करें। अब हल्दी, नमक, मिर्च, गरम मसाला डालें। जब तेल अलग होने लगे तो इसमें कटे हुए बैंगन और आलू डालें। पानी डालकर मीडियम आंच पर सब्जियां गलने रख दें। सब्जी पक जाए तो गैस बंद कर दें। अगर अलग से लहसुन का फ्लेवर चाहिए तो एक चमचे में घी गरम करें, इसमें सूखी लाल मिर्च और लहसुनक की कलियां डालकर तड़का बनाएं और ऊपर से डाल लें।

### आसान तरीका

दूसरा तरीका थोड़ा आसान है। अगर आप बाहर रहते हैं और मिक्सर, ग्राइंडर नहीं है तो प्याज, लहसुन, अदरक को बारीक काट लें। कढ़ाई की जगह कुकर में इसी तरह से सब्जी बनाएं। मटर भी डालें और सीटी लगा लें। सब्जी जल्दी बन जाएगी।

# सॉफ्ट स्किन के लिए नहाने के पानी में मिलाएं ये चीजे, किचन में मौजूद होता है ये सामान

स्किन का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। इन दिनों हर कोई फिर से अपनी लाइफ में इतना व्यस्त हो गाय है कि खुद को समय देना भूल गए हैं, लोगों को अपनी स्किन केयर रूटीन को भी फॉलो करने का समय नहीं मिल रहा है। ऐसे में सुबह रोजाना तो हर कोई नहाता है, इसी नहाने के समय में आप खुद की स्किन के लिए समय निकाल सकते हैं। सुबह का नहान उतना रिलेक्सिंग नहीं होता है लेकिन आप पूरे दिन में खुद को देने के लिए ये अच्छा समय है। सुबह से समय का रिलेक्सिंग बाथ आपको पूरे दिन एक्टिव रहने में मदद करेगा साथ ही आप पूरे दिन फ्रेश भी फील करेंगे। अच्छे रिलेक्सिंग बाथ के लिए आप अपने नहाने के पानी में घर में मौजूद कुछ इंग्रीडियंट्स मिला सकते हैं। तो चलिए जानते हैं उन इनग्रेडिएंड के बारे में।

### 1) ऑलिव ऑयल

नहाने के पानी में ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें एंटी-एजिंग गुण और विटामिन ई और की भरपूर मात्रा होती है। ये त्वचा के कोलेजन को बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही स्किन को सॉफ्ट बनाता है। स्किन को हाईड्रेट करने के लिए पानी में 5 बड़े चम्मच ऑलिव ऑयल मिला सकते हैं।

### 2) शहद

शहद आपती स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। ये प्राकृतिक स्वीटनर आपकी स्किन के छिद्रों को साफ करता है और आपके शरीर को तेजी से मॉइस्चराइज करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण आपके शरीर को डिटॉक्स भी करने में मददगार होते हैं। नहाने के पानी में एक कप शहद मिला सकते हैं। इससे नहाने के बाद आप दोबारा साफ पानी से शॉवर जरूर लें।

### 3) दूध

दूध से नहाने से डेड स्किव कोशिकाओं को हटाने, सनबर्न को शांत करने में मदद मिलती है और साथ ही ये आपको एक चमकदार स्किन देने में मदद करता है। खूबसूरत स्किन के लिए आप अपने नहाने के पानी में 1 कप दूध मिला सकती हैं ।

### 4) दालचीनी

नहाने के पानी में डलने वाले इंग्रेडिएंट में ये अजीब हो सकता है। इसका नाम सुनकर कई लोग चौंक सकते हैं लेकिन बता दें कि नहाने के पानी में आप दालचीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये न केवल आपको सॉफ्ट स्किन देने में मदद करेगा बल्कि आप अरोमैटिक बाथ का लुफ्त भी उठा सकती हैं।



# हिजबुल्लाह से युद्ध नहीं चाहते, लेकिन थोपा गया तो पीछे नहीं हटेंगे, 2 हजार रॉकेट रोज झेल सकते हैं

### इजराइल जंग के लिए कितना तैयारः सेना बोली




**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज तेल अवीव**

इजराइल हमेशा युद्ध जैसी चुनौतियों का सामना करता रहता है। मई 2021 में हमास के साथ जंग लड़ चुका इजराइल फिर युद्ध की तैयारी कर रहा है। लेबनान के आतंकी समूह हिजबुल्लाह को लेकर इजराइल की तरफ से बड़ा बयान आया है। इजराइली सेना के सीनियर ऑफिसर ने स्न्क्र को बताया है कि वे हिजबुल्लाह से युद्ध नहीं करना चाहते हैं, लेकिन लड़ाई छिड़ने पर एक दिन में 2 हजार रॉकेट्स का सामना भी कर सकते हैं।

### आयरन डोम 90प्रतिशत रॉकेट हमले रोकने में सक्षम

मई 2021 में इजराइल की आर्मी फिलिस्तीनी ग्रुप हमास के खिलाफ 11 दिन तक युद्ध लड़ चुकी है। युद्ध के दौरान हमास ने इजराइल पर 4,400 रॉकेट फायर किए थे। इजराइल की आर्मी का दावा है कि उन्होंने 90त्न रॉकेट हमले आयरन डोम की मदद से रोक लिए थे। इनमें से 300 रॉकेट ही जमीन पर गिरे थे, बाकि सभी को हवा में ही मार गिराया गया था। इस एंटी मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल इजराइल दशकों से करता आया है।

### रोजाना 400 रॉकेट फायर करता था हमास

इजराइली आर्मी के होम फ्रंट कमांड के चीफ यूरी गोर्डिन ने बताया कि हमास ने सबसे ज्यादा रॉकेट हमले तेल अवीव और अशदोद में किए थे। उस समय रोजाना तकरीबन 400 रॉकेट फायर किए जाते थे। उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह से युद्ध होने पर हम उम्मीद कर रहे हैं कि रोजाना इससे पांच गुना ज्यादा रॉकेट फायर किए जा सकते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि लेबनान की तरफ से करीब 1,500 से 2,500 रॉकेट रोजाना फायर किए जाएंगे।


### सिविलियन्स को बचाने के लिए अलग कमांड

यूरी गोर्डिन ने बताया कि उनकी यूनिट पर 1992 की पहली गल्फ वॉर में सिविल डिफेंस की जिम्मेदारी थी। यानी युद्ध के दौरान होने वाली गंभीर चुनौती के समय लोगों को तैयार रखने और उन्हें बचाने की जिम्मेदारी यूरी की कमांड पर ही थी।

### 250 नगर पालिकाओं के संपर्क में रहती है आर्मी

2006 में हिजबुल्लाह के साथ हुए युद्ध में लेबनान के 1,200 लोग मारे गए थे। इनमें ज्यादातर आम लोग थे। इसके अलावा 1,60 इजराइली नागरिकों की भी मौत हुई थी। हालांकि, इनमें ज्यादातर सैनिक थे। गोर्डिन ने बताया कि हमले पुराने युद्ध से काफी कुछ सीखा है। आज हमारी यूनिट इजराइल की 250 नगर पालिकाओं में मदद मुहैया कराती है। उस समय रोजाना तकरीबन 400 रॉकेट फायर किए जाते थे। उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह से युद्ध होने पर हम उम्मीद कर रहे हैं कि रोजाना इससे पांच गुना ज्यादा रॉकेट फायर किए जा सकते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि लेबनान की तरफ से करीब 1,500 से 2,500 रॉकेट रोजाना फायर किए जाएंगे।

# दोस्ती में दरारः पाकिस्तान में फर्जी दस्तावेज देने वाली चीन की कंपनी बैन, मुल्क में और गहराएगा बिजली संकट



**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में नेशनल ट्रांसमिशन एंड डिस्पैच कंपनी ने एक चीनी फर्म को टेंडर पाने के लिए फर्जी दस्तावेज देने के आरोप में बैन कर दिया है। अब यह कंपनी भविष्य में भी किसी टेंडर या नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले पाएगी। दूसरी तरफ, बिजली से संबंधित इस नए मामले के सामने आने के बाद देश में बिजली संकट और गहराने के संकेत नजर आने लगे हैं। इसके अलावा दोनों देशों के रिश्तों में भी तनाव पैदा हो सकता है।

**जाली दस्तावेजों का इस्तेमालः** 'डॉन न्यूज' ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि चीनी कंपनी ने हृञ्जष्ठष्ट का ठेका पाने के लिए जाली दस्तावेज तैयार कराए और अधिकारियों को रिश्वत देकर टेंडर अपने पक्ष में खुलवाने की साजिश रची। इसकी जानकारी लीक हो गई और जांच के दौरान यह पाया गया कि चीन की कंपनी ने फर्जी कागजों की दम पर ठेका पाने की कोशिश की है। इसके बाद इमरान सरकार के अधिकार वाली मिनिस्ट्री ऑफ एनर्जी के पॉवर डिवीजन ने चीनी कंपनी को टेंडर प्रक्रिया से अलग कर दिया और नए सिरे से बोली लगाने के आदेश जारी कर दिए।

**अब ब्लैकलिस्टेड हुई कंपनीः** NTDC के जनरल मैनेजर ने कहा- चीनी कंपनी को हमने ब्लैकलिस्ट कर दिया है। भविष्य में वो NTDC के किसी टेंडर प्रॉसेस में हिस्सा नहीं ले सकेगी। फिलहाल, यह बैन एक महीने के है। इस दौरान जांच की कार्रवाई चलती रहेगी। हम इस कंपनी को हमेशा के लिए बैन कर सकते हैं। चीन की यह कंपनी पाकिस्तान के चार क्षेत्रों में ट्रांसमिशन के बिडिंग प्रॉसेस में हिस्सा ले रही थी। यह प्रोजेक्ट करोड़ों रुपए के हैं और भविष्य में इन्हें पूरे पंजाब प्रांत तक लाना है। इसलिए, इन प्रोजेक्ट का काफी महत्व है।

**दोनों देशों में तनाव बढ़ेगाः** पाकिस्तान के इस कदम से चीन की नाराजगी ज्यादा बढ़ सकती है और वो पाकिस्तान सरकार के खिलाफ कुछ कदम उठा सकता है। करीब दो महीने पहले सीपैक के तहत बन रहे दासू डैम प्रोजेक्ट में चीन के 9 इंजीनियरों की हत्या कर दी गई थी और इसके बाद चीन ने पाकिस्तान से 48 मिलियन डॉलर का मुआवजा मांगा था। चीन ने कहा था कि भविष्य में चीन सिर्फ तब ही इन प्रोजेक्ट्स पर काम शुरू करेगा जब पाकिस्तान



काचीगुडा रेलवे में लखीमपुर खीरी में 3 अक्टूबर को हुई हिंसा के सिलसिले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के रेल रोको आंदोलन के तहत विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों ने विभिन्न किसान संघों के सदस्यों को रोकने का प्रयास किया।

## पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर 6 गाड़ियां आपस में टकराईं:3 लोगों की मौके पर ही मौत; कार की हालत देखिए हादसा कितना भीषण था



**पुणे।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर बोरघाट के पास सोमवार सुबह 6 गाड़ियां आपस में बुरी तरह टकरा गईं। इनमें 3 कार, एक प्राइवेट बस, एक टेम्पो और एक ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हुए। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और छह घायल हैं। घायलों को पास के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

**दुर्घटना के बाद दो गाड़ियों के बीच सैंडविच बनी कारः** ताजा जानकारी के मुताबिक, हादसे के बाद पुणे से मुंबई की ओर जाने वाला मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है। जिसके चलते सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। मृतकों में शामिल तीनों लोग कार में सवार थे। जानकारी के मुताबिक, सड़क किनारे खड़े मुर्गियों से भरे ट्रक में सबसे पहले एक कार टकराई। इसके बाद पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रेलर कार से भिड़ गया। इससे कार पूरी तरह पिचक गई। इसमें सवार लोगों के शवों को निकालने के लिए बुरी तरह से पिचकी हुई कार को काटना पड़ा। मौके पर हाईवे पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक, हादसे में ट्रक ड्राइवर की गलती सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिए है। इस हादसे में दो बड़ी गाड़ियों के बीच पिचकी स्विफ्ट कार पुणे से मुंबई की ओर जा रही थी।

## न्यूज ब्रीफ

### चुनाव से पहले जनता पर मेहरबान चन्नी सरकार, 1800 करोड़ का बकाया पानी बिल माफ



**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को बड़ी राहत देते हुए पानी का बकाया बिल माफ करने का फैसला लिया है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ये प्रदेश सरकार की बड़ी घोषणा है। इसके अलावा चन्नी मंत्रिमंडल ने समूह-डी पदों के लिए नियमित आधार पर नियुक्तियां करने का भी निर्णय लिया है, जिसमें चपरासी, चालक आदि शामिल हैं। आज चरणजीत सिंह चन्नी सरकार ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत देते हुए उनके बकाया पानी के बिल माफ करने का फैसला लिया है। अगले साल शुरू होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रदेश की जनता के लिए ये बड़ी राहत है। इस फैसले से राज्य सरकार पर करीब 1800 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। साथ ही कैबिनेट ने पानी का शुल्क 50 रुपये प्रति माह तय करने का फैसला किया है। कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा, %%हम सभी शहरों का 700 करोड़ रुपये का बकाया पानी माफ कर रहे हैं।%% चन्नी ने कहा कि कैबिनेट ने फैसला किया है कि राज्य सरकार जलापूर्ति ट्यूबवेल के बिजली बिल का भुगतान करेगी। उन्होंने कहा, गांवों में, पंचायतों के लंबित पानी के बिल भी माफ कर दिए जाएंगे, उन्होंने कहा कि ये लगभग 1,168 करोड़ रुपये होंगे। मंत्रिमंडल ने समूह-डी पदों के लिए नियमित आधार पर नियुक्तियां करने का भी निर्णय लिया है, जिसमें चपरासी, चालक आदि शामिल हैं।




जमुई जिले के तारापुर बिहार विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव।

## मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक बोले- MSP की गारंटी का कानून बनाएं, इससे किसानों का मुद्दा हल होगा

**झुंझुनूं।** मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने एक बार फिर किसानों के मामले में केंद्र सरकार से अलग अपनी बात रखी है। मलिक ने कहा कि मैं तो किसानों के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार से लड़ाई भी लड़ चुका हूं। इस मामले में किसानों की सुनवाई होनी ही चाहिए। जब रूस्क्र लागू हो जाएगा तो किसान संतुष्ट हो जाएगा और उसके बाद यह आंदोलन अपने आप समाप्त हो जाएगा। मलिक रविवार को राजस्थान में झुंझुनूं के दौरे पर थे। एक कार्यक्रम के बीच मलिक ने मीडिया से बातचीत में कई मुद्दों पर खुलकर राय रखी। मलिक ने कहा है कि केंद्र को रूस्क्र की गारंटी का कानून बनाना चाहिए। उसके बाद निश्चित ही किसानों का मुद्दा हल हो सकेगा। देश के किसानों की हालत बेहद खराब है। केंद्र निश्चित रूप से इस मामले में गलत रास्ते पर है। मलिक उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं और भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर दो बार सांसद भी रहे हैं।

**यही हालात रहे तो केंद्र सरकार वापसी नहीं करेगीः** मलिक ने कहा कि केंद्र सरकार को समझना चाहिए कि किसान 10 महीने से अपना घर, परिवार छोड़कर सड़कों पर बैठे हैं। फसल बुवाई का समय है। इतना लंबा समय हो जाने के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं होने से उनमें गुस्सा है। यही हालात रहे तो केंद्र सरकार वापसी नहीं करेगी। जब उनसे पूछा गया कि इतने बड़े आंदोलन के बावजूद सरकार कोई कदम क्यों नहीं उठा रही तो उनका कहना था कि केंद्र सरकार के इर्द-गिर्द गलत सलाह देने वाले लोग हैं। उनके कारण ही सत्यानाश हो रहा है।

### जम्मू कश्मीर की मदद से विश्व शक्ति की राह पकड़ेगा भारतः पीयूष गोयल

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए दुबई सरकार के साथ समझौते में हस्ताक्षर किए। इस मौके पर उपस्थित केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ये समझौता केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के विकास में बड़ी भूमिका निभाएगा। इस मौके पर पीयूष गोयल ने कहा कि जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाएं भारत को विश्व शक्ति बनाने में मदद करेगी। सोमवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की मौजूदगी में जम्मू कश्मीर प्रशासन ने दुबई सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी।

### युवराज सिंह गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर युजवेंद्र चहल पर जातिगत कमेंट के मामले में युवराज सिंह अरेस्ट, तुरंत जमानत पर रिहा



**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज हिसार**


अनुसूचित जाति के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। हरियाणा के हिसार जिले के हांसी में उनकी गिरफ्तारी हुई। हालांकि उन्हें औपचारिक जमानत पर रिहा कर दिया गया। युवराज पर आरोप है कि उन्होंने पिछले साल रोहित शर्मा से लाइव चैट में युजवेंद्र चहल की जाति को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी। हांसी पुलिस के छ्वस्क्र विनोद शंकर ने बताया कि क्रिकेटर युवराज सिंह को केस की जांच में शामिल करने के लिए गिरफ्तार किया गया। पहले भी उन्हें दो बार जांच में शामिल किया जा चुका है। पुलिस ने हाईकोर्ट के निर्देश पर काम किया है और युवराज को बेल बॉन्ड पर छोड़ दिया।

**क्या है पूरा मामला ?** कोरोना महामारी के चलते साल 2020 में पूरे देश में लॉकडाउन लगा था। इस दौरान खिलाड़ी वीडियो चैट पर बातें करते थे। इसी क्रम में युवराज सिंह टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के साथ इंस्टाग्राम लाइव चैट पर बात कर रहे थे। तभी दोनों के बीच युजवेंद्र चहल को लेकर बात हुई, युवराज ने इसी दौरान कथित तौर पर जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल किया था। जल्द ही सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में युवराज जातिवादी टिप्पणी करते हुए सुनाई दे रहे थे। उन्होंने कहा था, ये (जातिसूचक शब्द) लोगों को कोई काम नहीं है। युजी को देखा कैसा वीडियो डाला है। बता दें, चहल टिकटॉक पर अपने डांस के वीडियो अपलोड करते थे। युवराज ने इसी को लेकर ये कमेंट किया था।

### पुलिस ने युवराज का मोबाइल जब्त किया

पुलिस सूत्रों के अनुसार वर्ग विशेष पर टिप्पणी करने के मामले में सुबूत जुटाने के लिए पुलिस ने युवराज का मोबाइल जब्त कर लिया है। हांसी पुलिस अब युवराज सिंह के खिलाफ अदालत में चालान पेश करेगी। इसके बाद युवराज को विशेष अदालत से नियमित जमानत हासिल करनी पड़ेगी। युवराज को हिसार में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत स्थापित विशेष अदालत में हर तारीख पर पेश होना होगा। यदि अपराध साबित होता है तो इस मामले में उन्हें 5 साल तक की सजा हो सकती है। युवराज हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही जांच में शामिल होने के लिए हिसार पहुंचे थे। उनके साथ सुरक्षाकर्मी समेत 4-5 स्टाफ के लोग और वकील चंडीगढ़ से यहां पहुंचे थे। कुछ घंटों की कार्रवाई और पूछताछ के बाद युवराज चंडीगढ़ रवाना हो गए।

## उत्तराखंड में 18 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगी



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में 18 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यह दावा करते हुए कहा कि राज्य ने लक्ष्य से तीन महीने पहले अपनी पूरी पात्र आबादी को कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक दे दी है। उन्होंने कहा कि राज्य भर में कुल 74 लाख लोगों या 100त्न पात्र आबादी को टीके की पहली खुराक दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके राज्य के लोगों को बधाई दी है। PM मोदी ने कहा कि देवभूमि के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। कोविड के खिलाफ देश की लड़ाई में उत्तराखंड की यह उपलब्धि अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुझे विश्वास है कि वैश्विक महामारी से लड़ने में हमारा वैक्सीनेशन अभियान सबसे अधिक प्रभावी साबित होने वाला है और इसमें जन-जन




बहादुरगढ़ के लखीमपुर खीरी में 3 अक्टूबर को हुई हिंसा के सिलसिले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के रेल रोको विरोध के तहत किसानों ने रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### नॉरी और बाडोसा ने पहली बार इंडियन वेल्स खिताब जीता



**इंडियन वेल्स।** कई बड़े खिलाड़ियों ने कोरोना महामारी के कारण देर से आयोजित बीएनपी परीबस ओपन में भाग नहीं लिया तो कई बड़े नाम उलटफेर का शिकार हो गए। नतीजतन दो ऐसे खिलाड़ी चैम्पियन बने जो विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में भी नहीं हैं। ब्रिटेन के कैमरन नॉरी ने निकोलोज बासिलाश्विली को 3.6, 6.4, 6.1 से हराकर पुरूष एकल खिताब जीता। वहीं स्पेन की पाउला बाडोसा ने विक्टोरिया अजारेंका को 7.6, 2.6, 7.6 से मात देकर खिताब अपने नाम किया। वह पहली बार खेलते हुए यह टूर्नामेंट जीतने वाली तीसरी महिला बन गई। नोवाक जोकोविच, रफेल नडाल, रोजर फेडरर, नाओमी ओसाका और सेरेना विलियम्स ने इस टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था। वहीं दानिल मेदवेदेव और कैरोलिना प्लिसकोवा जैसे शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी उलटफेर का शिकार हो गए। नॉकी और बाडोसा ने अपने कैरियर का सबसे बड़ा खिताब जीता और 12 लाख डॉलर भी अपनी झोली में डाले। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर काबिज नॉरी से पहले इवान जुबिचिच (2019), एलेक्स कोरेत्जा (2000) और जिम कूरियर (1991) शीर्ष 25 से बाहर रहने के बावजूद खिताब जीतने वाले खिलाड़ी थे। वहीं महिला वर्ग में बियांका आंद्रिस्कू ने 2019 में और सेरेना विलियम्स ने 1999 में पदार्पण करके टूर्नामेंट जीता था।

### हॉकी चैंपियनशिप में 28 हॉकी अकादमी की टीमें कर रही भागीदारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 18 से 27 अक्टूबर तक खेली जाने वाली प्रथम जूनियर बालक अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनिशप-2021 में देश की शीर्ष 28 हॉकी अकादमियों की टीमें भागीदारी कर रही हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रथम जूनियर बालक अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनिशप-2021 का आयोजन हॉकी इंडिया तथा खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 18 से 27 अक्टूबर तक यहाँ मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है। चैंपियनशिप के मुकाबले स्टेडियम के नवीन एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान पर खेले जाएंगे। इसमें 28 हॉकी अकादमियों की टीमें भागीदारी कर रही है। इस चैंपियनशिप का शुभारंभ नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को सुबह 11:00 बजे मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। खेल विभाग हॉकी इंडिया के सहयोग से यह चैंपियनशिप पहली बार आयोजित कर रहा है। इसके आयोजन को लेकर आज टीम मैनेजर और विभागीय अधिकारियों की एक बैठक तात्या टोपे स्टेडियम के मेजर ध्यानचंद हाल में संपन्न हुई। बैठक में संचालक खेल रवि कुमार गुप्ता ने सभी आगंतुक टीमों का स्वागत किया। गुप्ता ने बताया कि विभाग ने इस चैंपियनशिप की सभी तैयारियां कर ली है। प्रत्येक टीम को प्रोत्साहन स्वरूप 20 हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कोरोनाकाल को देखते हुए सभी प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। चैंपियनशिप लीग मुकाबलों के आधार पर खेली जाएगी।

# टी-20 WC जीतने के पांच दावेदार:भारत, इंग्लैंड और पाकिस्तान के अलावा ये देश रहेंगे टूर्नामेंट जीतने के लिए फेवरेट

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

पांच सालों के एक लंबे अंतराल के बाद टी-20 वर्ल्ड कप का आगाज हो गया है। टी-20 वर्ल्ड कप में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहला दौर क्वालिफाइंग राउंड का है। इसमें 8 टीमों को 4-4 के दो ग्रुप में बांटा गया है। दोनों ग्रुप से टॉप-2 स्थान पर रहने वाली टीमें मुख्य ग्रुप स्टेज के लिए क्वालिफाई करेंगी। मुख्य ग्रुप स्टेज (सुपर-12) की शुरुआत 23 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया बनाम साउथ अफ्रीका मुकाबले से होगी। वैसे तो टी-20 फॉर्मेट में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है, लेकिन चलिए जानने की कोशिश करते हैं कि वो टॉप-5 टीमें कौन सी हो सकती है जिन्हें इस बार टूर्नामेंट जीतने के लिए फेवरेट माना जा रहा है।



#### ऑस्ट्रेलिया

एक समय हुआ करता था जब वर्ल्ड क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई टीम की धाक देखने को मिलती थी। एक के बाद टीम ने वनडे वर्ल्ड कप जीत की हैट्रिक लगाकर पूरी दुनिया से अपना लोहा मनवाया था। हालांकि, टीम एक बार भी टी-20 वर्ल्ड कप पर कब्जा नहीं जमा सकी है। इस बार टीम को वर्ल्ड कप जीतने के लिए फेवरेट माना जा रहा है। टीम के पास कई अनुभवी मैच जिताऊ खिलाड़ी मौजूद हैं। टीम के पास कप्तान एरन फिंच के अलावा डेविड वार्नर, शानदार फॉर्म में चल रहे ग्लेन मैक्सवेल, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस जैसे दिग्गज हैं।

#### इंग्लैंड

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए मौजूदा वनडे चैंपियन इंग्लैंड की टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। 2019 में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार वनडे विश्व कप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। इस बार टीम के पास टी-20 टूर्नामेंट जीतने का बढ़िया मौका रहेगा। इंग्लैंड की टीम कई सारे टी-20 स्पेशलिस्ट मौजूद हैं। हालांकि, टीम को बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर की कमी खल सकती है, लेकिन टीम के पास चतुर कप्तान ओएन मोर्गन के अलावा डेविड मलान, जेसन रॉय, जॉनी बेयरस्टो और जोस बटलर जैसे प्लेयर्स हैं।

#### वेस्टइंडीज

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए वेस्टइंडीज की टीम एक बार फिर से बड़ा उलटफेर कर सकती है। साल 2012 और 2016 में टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर सभी को हैरान कर दिया था। इस बार टीम अपने खिताब का बचाव करने मैदान पर उतरेगी। कैरेबियाई टीम के पास कप्तान किरोन पोलार्ड के अलावा सभी खिलाड़ी टी-20 स्पेशलिस्ट है। टीम में क्रिस गेल, आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन और एविन लुईस जैसे एक से बढ़कर एक पॉवर हिटर्स मौजूद हैं। लुईस, डिवेन ब्रावो और पोलार्ड IPL के दौरान काफी शानदार फॉर्म में भी नजर आए थे।

### क्या टीम इंडिया जीतेगी टी-20 वर्ल्ड कप

# विराट की कप्तानी में हम आईसीसी का हर इवेंट हारे, सबसे पहले पाकिस्तान ने दी शिकस्त

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

2017 चैंपियंस ट्रॉफी भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली का पहला आईसीसी टूर्नामेंट था। टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 124 रनों से मात दी। इस जीत के बाद टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज से लेकर सेमीफाइनल तक धमाकेदार प्रदर्शन किया और फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कोहली की सेना का सामना बांग्लादेश से हुआ। टीम इंडिया के लिए ये मुकाबला एकतरफा साबित हुआ। उन्होंने बांग्लादेश को 9 विकेटों से मात दी। वहीं, फाइनल में एक बार फिर भारतीय टीम पाकिस्तान से भिड़ी।




पाक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 338 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य भारत के सामने रखा। भारतीय टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 158 रनों पर ही सिमट गई। टीम इंडिया को 180 रनों से हार का सामना करना पड़ा। साथ ही भारतीय टीम ट्रॉफी भी नहीं जीत पाई। इस हार के बाद विराट कोहली और टीम के कोच अनिल कुंबले के बीच मतभेद इतनी बढ़ गई कि कुंबले को अपना पद तक छोड़ना पड़ा था।

#### 2019 वर्ल्ड कप


साल 2019 में खेला गया वनडे वर्ल्ड कप भारतीय टीम के कप्तान के रूप में विराट कोहली का पहला एक दिवसीय विश्व कप था। टीम के अधिकांश खिलाड़ी धमाकेदार फॉर्म में थे। कोहली एंड कंपनी टूर्नामेंट जीतने वाली सबसे पसंदीदा टीमों में से एक थी। वे उम्मीदों पर खरे भी उतरे और नौ मैचों में सिर्फ एक हार के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत दबाव झेल नहीं पाया। बारिश से प्रभावित मैच दो दिन तक चला जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 239/8 का स्कोर बनाया। भारत ने रन-चेज में खराब शुरुआत की और पहले चार ओवरों में टीम का स्कोर 3 विकेट पर 5 रन था। महेंद्र सिंह धोनी (50) और रवींद्र जडेजा (77) ने भारत को जीत की ओर ले जा रहे थे, लेकिन वो टीम इंडिया को जीत नहीं दिला पाए। विराट की टीम 18 रनों से मैच हार गई और वर्ल्ड कप से बाहर हो गई। यह भारत की जर्सी में महेंद्र सिंह धोनी का अंतिम मैच भी था। उन्होंने एक साल बाद 15 अगस्त को संन्यास की घोषणा कर दी थी।

#### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल

भारत एक बार फिर लीग चरणों में सर्वश्रेष्ठ टीम साबित हुई,क्योंकि टीम ने 2019 से 2021 तक खेली गई विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के उद्घाटन संस्करण के दौरान छह सीरीज में से सिर्फ एक में हार का सामना किया। भारत की एकमात्र सीरीज में हार न्यूजीलैंड के खिलाफ थी। न्यूजीलैंड ने भी लीग चरणों में कमाल का प्रदर्शन किया और वो भी फाइनल में पहुंचे। जहां एक बार फिर टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ भिड़ना था। विराट कोहली के लिए टेस्ट क्रिकेट में भारत के दबदबे को और आगे बढ़ाने और अपने आईसीसी ट्रॉफी सूखे को खत्म करने का यह एक सुनहरा मौका था, लेकिन कोहली ऐसा नहीं कर पाए और न्यूजीलैंड ने रोमांचक फाइनल में भारत को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का पहला चैंपियन बना। न्यूजीलैंड ने साउथैम्प्टन में बारिश से प्रभावित फाइनल को आठ विकेट से जीत लिया। विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने कभी भी आईसीसी इवेंट नहीं जीता है। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की कप्तानी से कोहली अलविदा कहने वाले हैं।

### टी-20 वर्ल्ड कप में पहले दिन बड़ा उलटफेर

# स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश को हराया, इसका भारत के समीकरण पर असर होगा




**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

टी-20 वर्ल्ड कप के पहले दिन ही बड़ा उलटफेर हो गया है। क्वालिफायर ग्रुप बी के दूसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश को 6 रनों से हरा दिया। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 9 विकेट पर 140 रन बनाए। क्रिस ग्रीव्स ने 28 गेंदों पर 45 रनों की पारी खेली। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 134 रन ही बना सकी। मुशफिकुर रहीम ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। ग्रीव्स ने दो विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के विजेता का फैसला आखिरी ओवर में हो पाया। पारी के 20वें ओवर में बांग्लादेश को जीत के लिए 24 रनों की जरूरत थी। आखिरी तीन गेंदों पर बांग्लादेश को जीत के लिए 18 और टाई के लिए 17 रनों की जरूरत थी, लेकिन मेहंदी हसन इन तीन गेंदों पर 4, 6 और 1 रन ही बना पाए। आखिरी ओवर शफयान शरीफ ने फेंका था। इस मैच में बांग्लादेश की हार का मतलब है कि अब उसके लिए ग्रुप-ए में टॉप स्थान हासिल करना मुश्किल होगा। अगर स्कॉटलैंड की टीम पापुआ न्यू गिनी और ओमान के खिलाफ मैच जीत लेती है तो वह इस ग्रुप की टॉपर बना जाएगी।



इंडियन वेल्स, कैलिफ़ोर्निया में बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के एकल फाइनल में, बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को हराकर, स्पेन की पाउला बडोसा कोर्ट से बाहर निकलती हैं।

SUPER
HERO
यदि आप
किसी भी व्यक्ति को जानते है
जिसने, सामाजिक सरोकार में
असाधारण प्रदर्शन किया हो,
वह व्यक्ति आप स्वयं भी हो सकते हैं,
दोनों स्थिति में हमें पूर्ण विवरण, भेजें।
हम देश के असली नायक
SUPER HERO MP 2021
SUPER HERO IND 2021
खोज रहे हैं, उन्हें समाज, राष्ट्र के सामने लाना और
सम्मान दिलवाना, आपका-हमारा संयुक्त प्रयास रहेगा।
Contact: Editorial Desk (Lifestyle),
ITDC News, 9826 220022
Email: responseitdc@gmail.com
PRESS ITDC
ITDC NEWS

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के मैच से पहले बवाल : विराट कोहली ने दी दीवाली को लेकर टिप्स, भड़के फैंस ने किया ट्रोल

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने अपने फैंस और चाहने वालों के लिए ट्विटर पर दीवाली को लेकर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में टीम इंडिया के कप्तान कहते हैं कि यह साल भारत और दुनियाभर के लोगों के लिए बहुत ही मुश्किल भरा रहा है।

सभी दिवाली का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जैसे-जैसे ये त्योहार नजदीक आ रहा है। मैं आपके परिवार और दोस्तों को सार्थक दीवाली मनाने और उसका आनंद लेने के टिप्स दूंगा। कोहली का ये ट्वीट एक वर्ग को अच्छा नहीं लगा है। उन्हें सोशल मीडिया पर इसको लेकर जमकर ट्रोल किया जा रहा है।







इस वीडियो के आने के बाद #SunoKohli ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा है। लोग तरह-तरह के मीम बनाकर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। पिछले साल भी कोहली को दीवाली के समय काफी ट्रोल किया गया था। दीवाली पर उन्होंने फैंस को शुभकामनाएं दीं थी और अपने मैसेज में पटाखे न चलाने की अपील भी की थी।

#### हमें पता है अपना त्योहार कैसे मनाना है

सोशल मीडिया पर लोगों ने कोहली को ट्रोल करते हुए कहा कि हमें पता है हमें अपना त्योहार कैसे मनाना है। आप दीवाली मनाने के तरीके पर उपदेश देने के बजाय आगामी टी 20 वर्ल्ड कप पर ध्यान दें। बता दें, टीम इंडिया इस समय टी-20 वर्ल्ड कप के लिए दुबई में है। आज विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम अपना पहला वार्म अप मैच इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी। वहीं, टीम को अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को खेलना है।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्पाद की गुणवत्ता कृषि जिंसों के ई-ट्रेडिंग में चुनौती



**नई दिल्ली।** कृषि जिंसों की ऑनलाइन नीलामी और ट्रेडिंग प्लेटफॉर्मों को लोकप्रियता मिल रही है। वहीं खरीदारों व विक्रेताओं की भौतिक उपस्थिति न होने की वजह से गुणवत्ता सुनिश्चित करना बड़ी चुनौती बन गई है। मंडियों में जिन लोगों से उत्पाद खरीदे जाते हैं, उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एआई सक्षम ट्रैकिंग और ट्रेसेबल व्यवस्था विकसित करने की कवायद चल रही है, जिससे मोबाइल ऐप्लीकेशन के माध्यम से गुणवत्ता की जांच की जा सकते। इंटेलो लैब्स के सीईओ और सह संस्थापक मिलन शर्मा ने बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा, %ताजा उत्पादों की गुणवत्ता के मानकीकरण और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक की जरूरत है, जिससे डिजिटल बिक्री प्लेटफॉर्मों के बाजार पर भरोसा कायम हो सके। इंटेलो लैब्स एक स्टार्टअप है, जो एग्रीटेक क्षेत्र में काम कर रहा है। इसने प्रमाण नाम से तकनीक संचालित जिंसों का ई-प्लेटफॉर्म पेश किया है। मिलन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में प्रमाण ने धीरे धीरे जगह बनाई है और इसने पहले ही 4 करोड़ डॉलर मासिक सकल ट्रांजैक्शन मूल्य (जीटीवी) हासिल कर लिया है और अगली दो तिमाही में 10 करोड़ डॉलर जीटीवी का लक्ष्य है। यह पूछे जाने पर कि प्रमाण इस तरह के अन्य प्लेटफॉर्मों से अलग कैसे है, मिलन ने कहा कि यह एआई आधारित गुणवत्ता आकलन ऐप है, जो इसे डिजिटल और डेटा संचालित बनाता हैं। प्रमाण इस समय धनिया, प्याज, लहसुन, अनार, सेब, आलू और टमाटक की हाजिल खरीद और ई नीलामी की सुविधा दे रहा है।

# बिटकॉइन की कीमतों में तेजी : 62 हजार डॉलर के पार हुआ बिटकॉइन, इस महीने अब तक 29 फीसदी बढ़ा

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

बिटकॉइन की कीमत 62 हजार डॉलर के पार पहुंच गई है। इस समय बिटकॉइन 62,070 डॉलर के करीब ट्रेड कर रहा है। इससे पहले 15 अक्टूबर को बिटकॉइन ने 60 हजार का लेवल पार किया था। अप्रैल 2021 के बाद ऐसा पहली बार हुआ था जब बिटकॉइन 60 हजार डॉलर के पार गया था।

### इस महीने में 29 फीसदी बढ़ा बिटकॉइन

अक्टूबर में अब तक 18 दिन में ही बिटकॉइन 29 फीसदी बढ़ा है। 1 अक्टूबर को बिटकॉइन की कीमत 48,160 डॉलर पर थी जो अब 62,070 पर पहुंच गई है। इसके अलावा अन्य क्रिप्टो करेंसी की बात करें तो एथेरियम 1 अक्टूबर को 3,306 डॉलर पर था जो अब 3,851 पर पहुंच गया है। वहीं पोलकाडाट 42 डॉलर पर पहुंच गया है जो 1 अक्टूबर को 31 डॉलर पर था।

### क्यों आ रही तेजी?

अमेरिकी रेगुलेटर्स क्रिप्टोकरेंसी के लिए पहले फ्यूचर्स एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड को हरी झंडी दे सकता है। इसी के चलते बिटकॉइन की कीमतों में तेजी आई है। आंकड़ों के अनुसार, यह डिजिटल करेंसी एक महीने में 28.74 फीसदी बढ़कर 62,070 डॉलर पर पहुंच गई है। अमेरिकी सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन ETF को अगले सप्ताह तक कारोबार करने की मंजूरी दे सकता है।

### बिटकॉइन की कीमत में आएगी और तेजी

जानकारों का मानना है कि बिटकॉइन की कीमतों में यहां से अच्छी तेजी दिखेगी। हो सकता है कि अगले साल यह 90 हजार डॉलर तक के आंकड़े को पार कर जाए। हालांकि इस साल के अंत तक इसकी कीमत 60 हजार डॉलर तक जा सकती है। बिटकॉइन की कीमत 3 महीने पहले 32 हजार डॉलर पर चली गई थी। जबकि पोलकाडाट की कीमत 22 डॉलर पर पहुंच गई थी।

भारत में 12-14 क्रिप्टो के एक्सचेंज हैं जो कारोबार करते हैं। भारत में क्रिप्टोकरेंसी में रोजाना का टर्नओवर 1,000-1500 करोड़ रुपए का है। देश में क्रिप्टो करेंसी में 1 से 1.20 करोड़ निवेशक हैं।




### क्रिप्टो करेंसी है क्या?


यह आपके रुपए, डॉलर, येन या पाउंड जैसी ही करेंसी है। पर यह डिजिटल यानी वर्चुअल है। क्रिप्टोग्राफी के सिद्धांत पर काम करती ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से ही यह वर्चुअल करेंसी बनी है। इसी वजह से इसे क्रिप्टोकरेंसी कहते हैं।

जब आप रुपए, डॉलर, येन या पाउंड की बात करते हैं तो उस पर उसे जारी करने वाले देश के केंद्रीय बैंक का नियंत्रण होता है। यह करेंसी कितनी और कब छपेगी, वह यह देश की आर्थिक परिस्थिति को देखकर तय करते हैं। पर क्रिप्टोकरेंसी पर किसी का कंट्रोल नहीं है, यह पूरी तरह से डिसेंट्रलाइज्ड व्यवस्था है। कोई भी सरकार या कंपनी इस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। इसी वजह से इसमें अस्थिरता भी है। यह डिस्ट्रिब्यूटेड सिस्टम पर काम करती है, जिसे न तो कोई हैक कर सकता है और न ही किसी तरह की छेड़छाड़।

# चिप की किल्लत से कारों की बिक्री पर असर

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

त्योहारी मौसम का 35 दिन का पहला चरण दशहरे के साथ खत्म हो गया मगर वाहन कंपनियों में रौनक नहीं आई। आम तौर पर नवरात्र को गाड़ियों की बिक्री के लिहाज से शानदार समय माना जाता है मगर इस बार कंपनियां सेमीकंडक्टर की लगातार किल्लत के कारण मांग पूरी करने के लिए ही जूझती रहीं। उधर लुभावनी पेशकश और योजनाओं के बावजूद दोपहिया की मांग नहीं सुधरी। वाहन कंपनियों के अधिकारी और डीलर कह रहे हैं कि दीवाली के दो दिन बाद समाप्त होने वाले त्योहारी सीजन के दौरान



आपूर्ति या मांग सुधरने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही। पिछले साल ज्यादातर कार कंपनियों की त्योहारी सीजन के दौरान बिक्री में दो अंकों में बढ़ोतरी रही थी। लेकिन इस साल कुल खुदरा बिक्री साल भर पहले के मुकाबले 50 से 60 फीसदी कम रहने के आसार हैं क्योंकि कार विनिर्माता चिप की किल्लत के कारण मांग पूरी नहीं कर पा रहे हैं। दोपहिया कंपनियों को लगातार दूसरे साल कमजोर मांग और ऊंची लागत के बीच नवरात्र में कमजोर बिक्री झेलनी पड़ी है। कार बाजार की अगुआ मारुति सुजूकी इंडिया में कार्यकारी निदेशक (सेल्स एवं मार्केटिंग) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में जो रुझान दिखा है वही इस बार भी जारी रहा। नए मॉडलों की पेशकश और आवाजाही के खुद के साधनों को तरजीह दिए जाने से कारों और एसयूवी की मांग में बढ़त बनी हुई है। लेकिन अब खरीदारों का धैर्य जवाब दे रहा है और वे अपने चुने हुए मॉडल के लिए लंबा इंतजार नहीं करना चाहते हैं। श्रीवास्तव ने कहा, %इसका पता बुकिंग में 6-7 फीसदी गिरावट से चलता है। यह शुरुआत में अच्छी थी लेकिन बाद में कमजोर पडऩे लगी।% उन्होंने कहा कि खरीदारों को जब लगा कि उनका पसंदीदा मॉडल धनतेरस या दीवाली पर नहीं मिल पाएगा तो उन्होंने खरीदारी का फैसला टाल दिया। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष विंकेश गुलाटी ने भी कहा, नए मॉडलों से ग्राहकों में उत्साह बना हुआ है, लेकिन पसंद एवं उपलब्धता की कमी से स्थितियां बिगड़ रही हैं।

## लक्ष्य से ज्यादा होगा कर संग्रह

**नई दिल्ली।** अप्रत्यक्ष कर भुगतान में तेजी, कर अनुपालन में सुधार और महामारी की दूसरी लहर के बाद अधिकांश क्षेत्रों में सुधार की बदौलत चालू वित्त वर्ष में केंद्र सरकार का कर संग्रह 22.2 लाख करोड़ रुपये के बजट लक्ष्य से पार निकल सकता है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में व्यक्तिगत आयकर और कॉर्पोरेट कर संग्रह रिफंड के बाद 75 फीसदी बढ़कर 5.70 लाख करोड़ रुपये रहा। अग्रिम कर और स्रोत पर कर कटौती भुगतान में तेजी से कर संग्रह बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में इस मद में 11.08 लाख करोड़ रुपये कर संग्रह का लक्ष्य रखा गया है और ज्यादातर भुगतान आम तौर पर वित्त वर्ष के अंत में किया जाता है। इसी तरह त्योहारी महीना और ग्राहकों का खर्च बढऩे से वस्तु एवं सेवा कर संग्रह भी मासिक आधार पर 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने की उम्मीद है। पेट्रोल और डीजल से भी सरकार को अच्छा-खासा उत्पाद शुल्क लगातार मिल रहा है।

APPOINTMENTS
ITDC NEWS
Reputed business Hindi daily of Madhya Pradesh is required
POSTINGS AT BHOPAL MP
SALES AD TEAM LEADER
5 years experience in print media
EXECUTIVE SPACE SALES
Degree in any discipline, prefer BBA
News Reporter
Degree in any discipline, Prefer BJ



Send resume hr.itdcnews@gmail.com, and whatsapp on 9826073332 in 3 days

PRESS ITDC
ITDC NEWS
www.itdcindia.com
मध्य भारत से विश्वसनीय हिन्दी दैनिक समाचारपत्र
आईटीडीसी न्यूज़,
विश्वसनीयता की अपेक्षा पर सच्चा बनाने के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे है,
प्रति सप्ताह आप सभी का स्वागत।
मेरे लोग, मेरा विधान



इसके तहत हम आप सभी से अनुरोध कर रहे हैं कि
विश्लेषणात्मक रचनाएं, जनसामान्य हित में
नई जानकारियां, लेख, आलेख, टीका, विवेचना, समाचार, रोचक तथ्य,
नए प्रयास, अभिनव प्रयोग के रूप में हमें प्रेषित करें।
आपकी रचना, नाम, चित्र सहित, अधिकाधिक पाठकों तक पहुंचे,
इसके लिए हम, समाचार पत्र में प्रकाशित रचनाओं को,
देश के सभी प्रचलित सोशल मीडिया स्टैंड जैसे फेसबुक, लिंकेडीन, यूट्यूब, जीटॉक, ट्विटर, इंस्टाग्राम
व्हाट्सएप्प एवं हमारे डिजिटल स्टैंड से प्रचार-प्रसार भी देंगे।
(दीर्घ समय तक https://www.itdcindia.com/saga-news.php पर भी उपलब्ध)
जिससे लाभान्वित जनों की संख्या निरंतर बढ़ती रहे।
आप सभी इच्छुकजन अपनी गैरमानदेय,
अपठित, नवीन, मूल एवं मौलिक रचना, हिन्दी में हमें प्रेषित करें।
(और अंग्रेजी में भेजने पर केवल हमारे डिजिटल स्टैंड पर ही प्रकाशन होगा)
उक्त हेतु, आपका चित्र, नाम, शहर, मोबाइल न, आपकी रचना, मेल करें-ईमेल
itdcnewsmp@gmail.com
इंटीग्रेटेड ट्रेड डेव्हेलपमेंट सेंटर न्यूज़

परोपकार भी, रोजगार भी
प्रति माह 50 हज़ार या अधिक भी अर्जन कर सकते हैं.
बिना किसी पूंजी, बिना तकनीकी योग्यता

बेरोजगार
एवं बेहतर जॉब या कार्य संतुष्टि चाहने वाले भाई बहन आगामी
अर्थसम्मेलन 21
20 नवंबर 2021, 3.00PM
(वर्चुअल जूम पर, सीमित स्थान) में भाग लें.
अपनी सीट बुकिंग गूगल आवेदन फॉर्म लिंक हेतु
YES, I AM WILLING.
(name, state, mob. no.)
निम्न मोबाइल व्हाट्सएप्प न. पर लिखें.
+91 9826 22 00 22
green DONOR हरित वीर वाहिनी
www.greendonor.in
माँ प्रकृति सँवार, संवर्धन, संरक्षण, के लिए समर्पित.

इंटीग्रेटेड ट्रेड डेव्हेलपमेंट सेंटर न्यूज़ के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक राधिका वीरेंद्र, स्वामी- इंटीग्रेटेड ट्रेड डेव्हेलपमेंट सेंटर इंडिया ईप्रेस द्वारा साई प्रिंटर्स, 91, जहांगीराबाद, भोपाल से मुद्रित करवाकर, श्री परिसर, 23 पश्चिम निशातपुरा, डीआईजी बंगला, भोपाल से प्रकाशित। संपादक- राधिका वीरेंद्र आरएनआई क्र. MPHIN/2018/77221, 0755-4223334 पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।